हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 171, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 21 दिसम्बर, 2023 दिन गुरुवार गाजीपुर/वाराणसी

## हमारे किसी नागरिक ने कुछ भी अच्छा या बुरा किया तो हम गौर करेंगे : मोदी

### पन्नू हत्या मामले पर पहली बार प्रधानमंत्री मोदी का बयान आया सामने

नई दिल्ली। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को फाइनेंशियल टाइम्स के साथ एक इंटरव्यू किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अमेरिका में एक भारतीय की हत्या की साजिश के आरोपों का जवाब देते हुए कहा, "अगर कोई हमें किसी भी तरह की जानकारी देता है, तो हम निश्चित रूप से इस पर गौर करेंगे।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अगर हमारे किसी नागरिक ने कुछ भी अच्छा या बुरा किया है, तो हम उस पर गौर करने के लिए तैयार हैं।

हमारी प्रतिबद्धता कानून के शासन के प्रति है। यह पता चला है कि गुरपतवंत सिंह पन्नून, जिसे 1 जुलाई, 2020 को भारत सरकार द्वारा 'नामित व्यक्तिगत आतंकवादी' घोषित किया गया है, संप्रभुता और अखंडता को चुनौती देते हुए, पंजाब स्थित गैंगस्टरों और युवाओं को खालिस्तान के लिए लड़ने के लिए सक्रिय रूप से उकसा रहा है। इसका खुलासा एनआईए जांच में भी हुआ है। पन्नू 2019 से एनआईए की नजर में है जब आतंकवाद विरोधी एजेंसी ने उसके खिलाफ अपना पहला मामला दर्ज



किया था। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने भी चरमपंथी गतिविधियों पर चिंता जताई और कहा, भारत विदेशों में स्थित कुछ चरमपंथी समूहों की गतिविधियों को लेकर बेहद चिंतित है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में ये तत्व डराने-धमकाने और हिंसा भड़काने में लगे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा, इस रिश्ते को मजबूत करने के लिए मजबूत द्विदलीय समर्थन है, जो एक परिपक्व और स्थिर साझेदारी का स्पष्ट संकेतक है। उन्होंने एफटी को बताया, सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग हमारी साझेदारी का एक प्रमुख घटक रहा है। पीएम मोदी ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कुछ घटनाओं को दोनों देशों के राजनयिक संबंधों से जोड़ना उचित है। मई में, पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर राजकीय यात्रा के लिए अमेरिका का दौरा किया। जिसके बाद, बाइडन सितंबर में भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए। गौरतलब है कि अमेरिकी न्याय विभाग ने दावा किया था कि एक भारतीय सरकारी कर्मचारी, जिसकी मैनहट्टन में एक संघीय अदालत में दायर अभियोग में पहचान नहीं की गई थी, ने पन्नू की कथित तौर पर हत्या करने के लिए एक हिटमैन को नियुक्त करने के लिए निखिल गुप्ता नाम के एक भारतीय को भर्ती किया था, जो अमेरिका और कनाडा का दोहरा नागरिक है।

इसमें कहा गया कि कथित साजिश को अमेरिकी अधिकारियों ने नाकाम कर दिया। न्याय विभाग ने दावा किया कि सीसी-1 (एक अज्ञात व्यक्ति जिसने कथित साजिश का निर्देशन किया था) के सहयोगी गुप्ता ने सीसी-1 के साथ अपने संचार में अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी में अपनी भागीदारी का वर्णन किया। पन्नू ने हाल ही में भारत की संसद पर हमले की धमकी दी थी। इस पर विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था, 'हम धमकियों को गंभीरता से लेते हैं। हम यहां एक बंधन में फंस गए हैं। मैं धमकी देने वाले चरमपंथियों की तलाश के लिए बहुत ज्यादा विश्वसनीयता नहीं बढ़ाना चाहता हूं। उन्होंने कहा, हमने इस मामले को अमेरिकी और कनाडाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है।

### रेलवे और मेट्रो स्टेशनों पर शराब बेचने पर अखिलेश का तंज

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी सरकार द्वारा प्रदेश के रेलवे और मेट्रो स्टेशनों पर प्रीमियम ब्रांड शराब बेचने की अनुमति देने पर कहा कि क्या अब भाजपा सरकार के पास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन बनाने के लिए यही रास्ता बचा है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब तो यही हुआ कि प्रदेश में लाखों-करोड़ों के निवेश का जो दावा किया गया वो झूठा है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है कि प्रिय प्रदेशवासियों, उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार के पास 1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए क्या यही एक रास्ता बचा है कि शराब रेलवे, मेट्रो स्टेशन व क्रूज पर बेची जाए। इसका मतलब ये हुआ कि लाखों-करोड़ों के निवेश के जो भी दावे किए गए थे, वो सब झूठे साबित हुए हैं, तभी तो सरकार ऐसे अनैतिक रास्तों को अपना रही है। आज शराब बिक रही है कल को दूसरे और भी मादक पदार्थ सार्वजनिक जगहों पर बेचे जाएंगे। अगर भाजपाई समझते हैं कि शराबखोरी इतनी ही अच्छी है तो अपने कार्यालयों से बेचें, सार्वजनिक स्थलों को अराजकता और अपराध का केंद्र न बनाएं। सरकार ऐसे फैसलों से घर-परिवार को बर्बाद न करे। महिलाएं और बच्चे जानते हैं कि शराब किस प्रकार घरेलू हिंसा से लेकर सार्वजनिक हिंसा का कारण बनती है और युवाओं के लिए घातक साबित होती है।

## बस्ती में सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ, सीएम योगी बोले- हर गांव में होगा स्टेडियम

बस्ती। बस्ती जिले में सांसद खेल महाकुंभ के जिला स्तरीय आयोजन का शुभारंभ 20 दिसंबर को शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम परिसर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी थे। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब एक घंटे विलंब से सांसद खेल महाकुंभ कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश से इंसेफेलाइटिस समाप्त हो रहा है। 40 वर्ष में पूर्वी उत्तर प्रदेश के 50 हजार बच्चों को निगल लिया था। उसे प्रधानमंत्री मोदी के संकल्पों के अनुरूप समाप्त कर दिया गया है। पीएम के साथ खेल कूद महाकुंभ प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में आयोजित हो रहे हैं। पीएम मोदी खिलाड़ियों से मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस आयोजन को प्रोत्साहित किया है। प्रदेश ने संकल्प लिया है कि खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाएंगे। हर गांव में होगा स्टेडियम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में हम एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। जहां चेहरा देखकर नहीं बल्कि सभी वर्ग को शासन की



योजनाओं का भागीदार बनाया जा रहा है। देश के अंदर सामर्थ्य प्रदान किया जा रहा है। पांच सौ खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी, नायब तहसीलदार जैसे पदों पर नौकरी दी गई है। खेल कोटे से पांच सौ पद के लिए जल्द आवेदन मांगे जाएंगे। जो खिलाड़ी मेडल प्राप्त करेगा उसे सरकारी नौकरी और आजीवन भरण पोषण की व्यवस्था की जाएगी। कहा कि प्रत्येक जिले में एक खेल सेंटर बनाने का काम चल रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, संगठन महामंत्री धर्मपाल, प्रभारी मंत्री राकेश सचान, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के गिरीश चंद्र यादव, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय आदि मौजूद रहे। सांसद खेल महाकुंभ का उद्घाटन करने आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि भारत में साढ़े 13 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। गरीबी दशमलव एक प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। स्टील एक्सपोर्ट में चौथे नंबर पर थे पर अब दूसरे नंबर पर आ गए हैं। धनतेरस के दिन 55 लाख गाड़ियां खरीदी गईं, यह भारत का विकास है।

कहा कि पहले रक्षा उपकरण हमें आयात करना पड़ता था पर अब भारत ये उपकरण खुद बना रहा है। आज बुलेट प्रूफ जैकेट हम एक्पोर्ट कर रहे हैं। पांच लाख बुलेट प्रूफ जैकेट पुलिस बलों को उपलब्ध कराए गए। देश को चलाने के लिए नेतृत्व, नीति, नियति और कार्यक्रम बहुत अहमियत रखते हैं। सवाल किया कि क्या कारण था कि पिछले 70 सालों में इतने मेडल नहीं ला पाया और क्या कारण है कि एशियन गेम्स में अब मेडल्स की झड़ी लग गई है।

## सांसदों के निलंबन को लेकर केंद्र पर बरसीं सोनिया गांधी, कहा- ये इतिहास बदलने की साजिश, लोकतंत्र का गला...

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद कांग्रेस सांसदों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संसद की सुरक्षा में चूक की 13 दिसंबर की घटना अक्षम्य है। इस तरह की घटना को कभी भी उचित नहीं ठहराया जा सकता है। पीएम मोदी को राष्ट्र को संबोधित करने और घटना पर अपने विचार व्यक्त करने में चार दिन से ज्यादा लग गए हैं। उन्होंने सदन के बजाए संसद के बाहर बयान देना बेहतर समझा। ऐसा करके उन्होंने संसद का तिरस्कार किया है। कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सदन की गरिमा को लेकर भी बात की। कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि इस शीतकालीन सत्र में जम्मू-कश्मीर से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए।



ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ के पेश किया जा रहा है। कई लोगों द्वारा भारत के पहले प्रधानमंत्री और महान देशभक्तों को बदनाम करने के लिए इतिहास के ही साथ छेड़छाड़ की जा रही है, जो पूर्ण रूप से अस्वीकार्य है। बदनाम करने के लिए लगातार वे अभियान चला रहे हैं और इस प्रयासों का नेतृत्व पीएम और गृह मंत्री द्वारा किया जा रहा है, जिसका मोर्च वे खुद संभाल रहे हैं। अपने संबोधन में सोनिया गांधी ने कहा कि हम डरने वाले नहीं है और न ही कभी झुकेंगे। हम हमेशा सत्य का ही साथ देंगे, हम सच बोलने पर कायम रहेंगे। साथ ही अपने संबोधन में सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है। विपक्षियों की आवाज बंद करने के लिए लगातार विपक्षी सांसदों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्हें सदन की कार्यवाही से निलंबित किया जा रहा है। संसदीय इतिहास में यह पहली बार है जब इतने विपक्षी सांसद निलंबित किए गए हैं। अभी तक ऐसा कभी हुआ ही नहीं था। उचित और वैध मांग उठाने के बावजूद उन्हें निलंबित किया जा रहा है।

## कांग्रेस ने शुरू की यूपी जोड़ो यात्रा, शाकुंभरी देवी मंदिर से हुई शुरूआत

लखनऊ। कांग्रेस की यूपी जोड़ो यात्रा बुधवार को सहारनपुर से शुरू हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शाकुंभरी देवी मंदिर में दर्शन पूजन के बाद यात्रा की शुरूआत की। कांग्रेस की ओर से निकल जा रही इस यात्रा को लेकर जिला प्रशासन को सूचना दी गई है। हालांकि जिला प्रशासन ने यात्रा निकालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया साथ ही शांति व्यवस्था और सुरक्षा कारणों से यात्रा न निकालने की अपील की है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि उन्होंने यात्रा के संबंध में सप्ताह भर पहले ही सूचना दे दी थी और निर्धारित रूट पर यात्रा निकालेंगे। यात्रा शाकुंभरी देवी मंदिर से शुरू होकर कुरेसन चौक पर पहुंची। यहां पार्टी के स्थानीय नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया। जनसभा के दौरान अजय राय ने कहा कि जनता के हितों की रक्षा करने के लिए कांग्रेस मैदान में उतर आई है। उन्होंने मांग की है कि गन्ना किसानों को कम से कम 500 रुपये प्रति क्विंटल दाम मिलना चाहिए।

**यात्रा से जुड़ने के लिए टोल**



**फ्री नंबर जारी**– कांग्रेस ने यात्रा से लोगों को जोड़ने के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी कर दिया है। नंबर पर मिस कॉल देकर यात्रा से जुड़ा जा सकता है। यूपी जोड़ो यात्रा से जुड़ने के लिए नीचे दिए गए नम्बर पर मिसकॉल करें... 18002124288

## 'समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद जाति जनगणना पर फैसला', विपक्ष की मांग पर शिंदे का एलान

मुंबई। पूरे देश में जाति आधारित जनगणना को लेकर लगातार बहस छिड़ी हुई है। विपक्षी पार्टियां लगातार जनगणना कराने की मांग कर रही हैं। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ कह दिया है कि समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद इस मामले में फैसला लिया जाएगा। सीएम शिंदे रेशमीबाग इलाके में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक केबी हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर के स्मारकों पर गए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने बुधवार को कहा कि जाति आधारित जनगणना पर उचित निर्णय समाज के सभी वर्गों की राय जानने और लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा। गौरतलब है, आरएसएस के पदाधिकारी श्रीधर गाडगे ने मंगलवार को कहा था कि कोई जाति आधारित जनगणना नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने सवाल



किया था कि इससे क्या हासिल होगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि इस तरह की कवायद से कुछ लोगों को राजनीतिक रूप से फायदा हो सकता है, क्योंकि इससे यह आंकड़ा मिलेगा कि किसी निश्चित जाति की आबादी कितनी है, लेकिन यह सामाजिक रूप से और राष्ट्रीय एकता के लिहाज से अच्छा नहीं है। बता दें, कांग्रेस देशव्यापी जातिगत जनगणना के पक्ष में है। आरएसएस पदाधिकारी की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर शिंदे ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र एक प्रगतिशील राज्य है और इसकी संस्कृति और परंपराएं अन्य राज्यों से अलग हैं। उन्होंने कहा कि यहां सभी समुदाय और जातियां एक साथ रहती हैं, एक साथ काम करती हैं और एक साथ जश्न मनाती हैं। इसलिए, समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सही फैसला लिया जाएगा। भाजपा से जुड़े मंत्री और विधायक हर साल नागपुर में राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान हेडगेवार और गोलवलकर के स्मारक पर जाते हैं।

## तनाव के बीच एक चीनी गुब्बारे ने पार की ताइवान की सीमा, मचा हड़कंप

ताइपे। चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अब एक बार फिर चीनी गुब्बारे ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया है। दरअसल, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि ताइवान जलडमरूमध्य में एक चीनी सैन्य निगरानी गुब्बारा और बड़े पैमाने पर भेजे गए सैन्य विमान एवं पोत देखे गए हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सुबह छह बजे ताइवान के चारों ओर आठ चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के विमान और तीन पीएलएएन जहाजों के होने की जानकारी मिली। बाद में, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के आठ विमानों में से एक केजे-500 दक्षिण-पश्चिम में ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में घुस गया। मंत्रालय ने बताया कि ताइवान की सेना ने लड़ाकू विमानों, नौसेना के पोतों और भूमि-आधारित मिसाइल प्रणालियों के जरिए स्थिति पर नजर रखी। साथ ही जवानों को जवाब देने का काम सौंपा। गुब्बारे को लगभग 12,000 फीट ऊंचाई पर उड़ते हुए देखा गया। ताइवान में रक्षा मंत्रालय ने आगे कहा कि कीलुंग के 63 समुद्री मील उत्तर-पश्चिम में ताइवान स्ट्रेट की



मध्य रेखा को पार करने के बाद मंगलवार को एक पीआरसी के गुब्बारे का पता चला। गुब्बारा पूर्व की ओर बढ़ रहा था और बुधवार तड़के गायब हो गया। गौरतलब है कि चीन आए दिन इस तरह की हरकतें करता रहता है। आए दिन चीनी सेना के विमान ताइवान के इलाके में घुसपैठ करते हैं, जिससे लगातार तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## 'हमें अलर्ट रहने की जरूरत, पर घबराने की नहीं', उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में बोले मंडाविया

नई दिल्ली। कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। भारत में एक बार फिर से कोरोना महामारी पैर पसार रहा है। कोरोना के नए वैरिएंट JN.1 से लोगों में डर पैदा कर दिया है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को कोरोना के बढ़ते केसों और सांस लेने संबंधी बीमार लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्यों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों, अधिकारी समेत कई लोग शामिल हुए। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं और तैयारियों के साथ ही संक्रमण की रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। बता दें, आईसीएमआर के निदेशक डॉ. राजीव बहल, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल और आईसीएमआर की पूर्व महानिदेशक डॉ. सौम्या



स्वामीनाथन ने भी इस बैठक में भाग लिया। कोविड-19 पर समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा, 'यह एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का समय है। साथ ही संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण के साथ मिलकर काम करने का समय है। हमें अलर्ट रहने की जरूरत है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है।' उन्होंने कहा कि अस्पताल की तैयारी, निगरानी बढ़ाने और लोगों के साथ प्रभावी संचार के मॉक ड्रिल के साथ तैयार रहना महत्वपूर्ण है। हर तीन महीने में एक बार सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं राज्यों को केंद्र की ओर से सभी प्रकार के समर्थन का आश्वासन देता हूं। स्वास्थ्य राजनीति का क्षेत्र नहीं है।' मंडाविया ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से सर्दियों के मौसम और आगामी त्योहारों के दौरान ठंड की स्थिति को देखते हुए निवारक उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह किया। आपको बता दें, कोरोना के नए वैरिएंट JN.1 का पहला मामला आठ दिसंबर को केरल में मिला था। 79 साल की एक बुजुर्ग महिला में ये संक्रमण पाया गया था। वहीं, विदेश में भी कोरोना से हाहाकार मचा है। सबसे बुरा हाल सिंगापुर का है, जहां एक हफ्ते के अंदर करीब 56 हजार से ज्यादा मरीज सामने आए हैं। वहीं मलेशिया, इंडोनेशिया में भी लगातार मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। देशभर में आज सुबह कुल 341 कोरोनावलायरस के नए मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें 292 मामले केरल से हैं। इसी के साथ केरल में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 2041 हो गया है। तीन मौत के साथ केरल में कोरोनावायरस के कारण होने वाले मौतों के आंकड़ों की संख्या अब बढ़कर 72,056 हो चुकी है।

## 'एक पार्टी शासन, लोकतंत्र खत्म करने जैसा'; सांसदों के निलंबन के बाद खरगे का केंद्र सरकार पर तंज

नई दिल्ली। संसद में 141 सांसदों के निलंबन के बाद कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर तंस कसा है। उन्होंने सांसदों के निलंबन पर भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि इस तरह से 'एक पार्टी शासन' भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्थापित करना चाहते हैं। खरगे को भी राज्य सभा से निलंबित कर दिया गया था। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, 'वे एक अकेला की बात करते हैं, जो लोकतंत्र को खत्म करने जैसा है। विपक्षी सांसदों को निलंबित करके उन्होंने ठीक ऐसा ही किया है। संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर उच्च पद पर बैठे लोगों को दंडित करने के बजाय विपक्षी सांसदों को लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन लिया गया। ऐसा करके वे जवाबदेही से बच रहे हैं।' खरगे ने केंद्र से सवाल करते हुए पूछा कि भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा से पूछताछ क्यों नहीं की गई। दरअसल, संसद के भीतर घुसपैठिए प्रताप सिम्हा की वजह से ही संसद के अंदर प्रवेश कर पाए थे। उन्होंने कहा, 'घुसपैठिए महीनों से इसकी साजिश रच रहे थे। इस बड़ी विफलता के लिए कौन जिम्मेदार है?' बता दें कि 13 दिसंबर को संसद में हमले की बरसी के ही दिन दो युवक दर्शन दीर्घा से लोक सभा में कूद गए थे। लोक सभा के अंदर



उन्होंने कनस्तर से पीले रंग का धुंआ भी छोड़ा। उनके अलावा अन्य दो संसद के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। हालांकि, चारों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना के बाद विपक्ष के नेता लगातार केंद्र मंत्रियों से सुरक्षा में हुई चूक पर जवाब मांग रहे हैं। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'संसदीय सुरक्षा के लिए जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारियों से जवाब क्यों नहीं मांगा गया?

## संपादकीय

### दुर्भाग्यपूर्ण गतिरोध

संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार और मंगलवार को जिस तरह से सामूहिक रूप में विपक्षी सांसद निलंबित किए गए, वह अभूतपूर्व है। दो दिनों में कुल 141 सांसद निलंबित किए जा चुके हैं। निश्चित रूप से देश के लोकतांत्रिक इतिहास में इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के रूप में देखा जाएगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध के पीछे मूलतः पिछले सप्ताह संसद की सुरक्षा में हुई चूक है। इसमें कहीं कोई दो राय नहीं कि यह गंभीर मसला है। सवाल सिर्फ यह है कि आखिर इस गंभीर मसले पर सदन के अंदर चर्चा की कोई राह दोनों पक्ष क्यों नहीं निकाल पा रहे? जहां विपक्षी दल पिछली परंपराओं का वास्ता देते हुए इस बात पर अड़े हैं कि कानून व्यवस्था से जुड़े इस गंभीर मसले पर केंद्रीय गृह मंत्री को बयान देना चाहिए, वहीं सरकार का कहना है कि संसद के अंदर की सुरक्षा स्पीकर की जिम्मेदारी होती है और इसलिए इस पर गृह मंत्री का बयान देना उचित नहीं होगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर के उदाहरण से साफ है कुछ विपक्षी सांसदों ने जान-बूझ कर ऐसी स्थिति पैदा की, जिससे उनका निलंबन हो जाए। थरूर ने निलंबन से चंद मिनट पहले सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि अपने संसदीय जीवन में पहली बार वह प्लेकार्ड लेकर वेल में घुसे और अब निलंबन की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। उनकी दलील है कि निलंबित सांसदों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए उन्होंने ऐसा किया। विपक्षी सांसदों के ऐसे व्यवहार को उचित बताना मुश्किल है। दूसरी तरफ सत्तारूढ़ पक्ष भी इस मामले में कोई खास गंभीरता नहीं दिखा पा रहा। अगर 2001 में हुए संसद हमला मामले में संसद में चर्चा हुई थी तो कोई कारण नहीं कि इस बार भी ऐसा सुनिश्चित न किया जा सके। अगर ऐसा नहीं हो रहा तो इसके पीछे कहीं न कहीं लोकसभा चुनावों के मद्देनजर अपनी पोजिशनिंग ठीक रखने की भावना है। इस गतिरोध के चलते संसद के शीत सत्र के बचे हुए दिनों में भी सुचारू ढंग से कामकाज होने के कोई आसार नहीं दिख रहे। ध्यान रहे, अगले आम चुनाव से पहले यह मौजूदा लोकसभा का आखिरी पूर्ण सत्र है और इसमें कई अहम बिलों पर चर्चा होनी है। लेकिन पक्ष-विपक्ष का जो रवैया है उसे देखते हुए यही लगता है कि विपक्ष की गैरमौजूदगी में और बिना किसी चर्चा के ही इन बिलों को पास घोषित करना पड़ेगा। यह सचमुच निराशाजनक है कि जब दलीय राजनीति से ऊपर उठने की जरूरत थी, तब विपक्ष सत्तारूढ़ दलों पर आरोप लगाने में और सत्ता पक्ष विपक्षी सदस्यों को संसद से बाहर करने में अपनी ऊर्जा लगा रहे हैं।

### है हमको फंसाया !



है और रहेगा ।
अपना ये संघर्ष ।।
भले लगे आरोप। ।
है फिर भी उत्कर्ष ।।
है हमको फंसाया ।
और हुआ उपयोग ।।
फिर भी अपने लोगों का ।
है पूरा सहयोग ।।
हैं हम पाक साफ ।
कागज है दिखाया ।।
रह गए यदि अंदर ।
उनका भी सफाया ।।
ना किया कुछ गड़बड़ ।
फिर भी लगी लगाम ।।
चला जो लंबा खेल ।
लूंगा और नाम ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# लोकसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक के लिए अयोध्या और हिन्दुत्व फिर से बीजेपी के एजेंडे में

**अजय कुमार**

हिन्दुस्तान के इतिहास में एक और नई इबारत जुड़ने जा रही है। अगले साल 22 जनवरी 2024 को जब अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के नवनिर्मित आलीशान मंदिर में प्रभु श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी तो उसी के साथ पांच सौ साल का विवाद भी इतिहास के पन्नों में सिमट जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा की खबर से रामभक्त प्रसन्न हैं। वहीं इसको लेकर सियासत भी गरमाना शुरू हो गई है जिसके आधार पर कहा जा सकता है कि 2024 का लोकसभा चुनाव भी रामलला के इर्दगिर्द घूमता नजर आये तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिये। क्योंकि बीजेपी एक बार फिर ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रही है। वैसे भी करीब चार दशक से अयोध्या राजनीति का केन्द्र बना हुआ है। बीजेपी रामलला के नाम पर कई चुनाव लड़ और जीत चुकी है। पूरे देश में बीजेपी का विस्तार यदि देखने को मिल रहा है तो इसकी जद में अयोध्या में रामलला के मंदिर की प्रमुख भूमिका रही है। इसी के चलते भले ही आज सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा हो, लेकिन बीजेपी भी इसका श्रेय लेने में पीछे नहीं है। वह अपने वोटरों को बताती रहती है कि यदि वह नहीं होती तो रामलला का मंदिर निर्माण हो ही नहीं पाता। खास बात यह है कि बीजेपी के इस दावे पर उसके वोटर विश्वास भी करते हैं।

बहरहाल, एक तरफ बीजेपी के उत्थान में रामलला का मंदिर मील का पत्थर साबित हुआ है तो दूसरी ओर अयोध्या की सियासत के चलते कई राजनैतिक दलों को पतन का भी सामना करना पड़ा है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की आज जो दुर्दशा देखने को मिल रही है, उसकी सबसे बड़ी वजह यही है कि बीजेपी को छोड़कर अन्य सियासी दल अपने आप को इस सियासत में एडजेस्ट नहीं कर पाये। इसीलिए कोई भी गैर-बीजेपी दल नहीं चाहता है कि 2024 का आम चुनाव रामलला के नाम पर लड़ा जाये। इसको लेकर कई दलों में बेचैनी भी देखी जा सकती है। इसकी बानगी हाल में ही तब देखने को मिली जब उत्तर प्रदेश के सहारनपुर पहुंचे सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण कोर्ट के आदेश पर हो रहा है, भारतीय जनता पार्टी की इसमें कोई भूमिका नहीं है। शिवपाल ने आरोप लगाया कि भाजपा भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीति कर देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। शिवपाल का यह बयान सहारनपुर में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी के सिलसिले में अपने समर्थकों से संवाद के बाद मीडिया से रूबरू होने के दौरान सामने आया। सहारनपुर के दो दिवसीय दौरे के दौरान शिवपाल ने देवबंद में पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं से मुलाकात की। इसके बाद वह मीडिया कर्मियों से रूबरू हुए। इस मौके पर शिवपाल यादव ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला किया। शिवपाल यादव ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर निर्माण कार्य कोर्ट के आदेश पर किया जा रहा है। भाजपा सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं है। शिवपाल जैसी भाषा करीब-करीब सभी दलों के नेता बोल रहे हैं। वहीं बीजेपी वालों को इससे सियासी फायदा होता दिख रहा है।



राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख सामने आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अधिकांश केंद्रीय मंत्री रामलला से जुड़ी तमाम खबरें अपने सोशल साइट्स पर पोस्ट कर रहे हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर तमाम बीजेपी नेता तक अयोध्या से जुड़ा वीडियो शेयर करते रहते हैं। गौरतलब है कि इसी साल की शुरूआत में जनवरी महीने की बात है जब त्रिपुरा की एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि राहुल गांधी सुन लें जनवरी 2024 में बन जाएगा रामलला का मंदिर। अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि 2019 के चुनाव के दौरान जब मैं बीजेपी का अध्यक्ष था और राहुल बाबा कांग्रेस अध्यक्ष थे। वे रोज पूछते थे मंदिर वहीं बनाएंगे तिथि नहीं बताएंगे। अमित शाह ने कहा कि राहुल बाबा कान खोलकर सुन लो अगले साल 1 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर आपको तैयार मिलेगा। उधर, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी कहते हैं कि राम मंदिर का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। भारतीय हजारों वर्षों से राम की पूजा करते आ रहे हैं। अचानक, मोदी राम भक्त बन गए हैं और देश को धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। चौधरी ने कहा कि 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के उद्घाटन के लिए केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही निमंत्रण क्यों दिया गया है? विपक्षी दलों के नेताओं ने सवाल किया कि क्या यह लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक पार्टी कार्यक्रम बन जाएगा? कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने पूछा कि क्या सिर्फ एक ही पार्टी को निमंत्रण भेजा जा रहा है? क्या यह अब एक पार्टी कार्यक्रम बन गया है? भगवान सबके हैं। हर पार्टी को निमंत्रण मिलना चाहिए था। एक तरफ गैर बीजेपी पार्टियां इस बात से गुस्से में हैं कि बीजेपी रामलला के नाम पर सियासत कर रही है वहीं बीजेपी पर्दे के पीछे से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के काम को चुनावी इवेंट बनाने में लगी है। इसी कड़ी में अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनकी चरण पादुकाएं भी रखी जाएंगी। फिलहाल ये पादुकाएं देशभर में घुमाई जा रही हैं। पादुकाएं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव से पहले 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगी। ये चरण पादुकाएं एक किलो सोने और सात किलो चांदी से बनाई गई हैं। इन्हें हैदराबाद के श्रीचल्ला श्रीनिवास शास्त्री ने बनाया है। 17 दिसंबर को इन्हें रामेश्वर धाम से अहमदाबाद लाया गया था। यहां से यह सोमनाथ ज्योतिर्लिंग धाम, द्वारकाधीश नगरी और इसके बाद बद्रीनाथ ले जाई जाएंगी। श्रीचल्ला श्रीनिवास इन पादुकाओं को हाथ में लेकर अयोध्या में निमार्णाधीन मंदिर की 41 दिन की परिक्रमा भी कर चुके हैं। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है, इसके लिए पटना के महावीर मंदिर में तैयारी चल रही है। अयोध्या में इस महा आयोजन में शामिल होने वाले भक्तों को अपनी राम रसोई से स्वादिष्ट भोजन कराया जायेगा। 15 जनवरी से हर महीने 6 लाख लोगों को भोजन कराने की तैयारी है। सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाली राम रसोई अयोध्या में बिहार की खास पहचान बनेगी। वहीं श्रीराम मंदिर परिसर में 10 हजार स्क्वॉयर फीट में राम रसोई बनाने का प्लान भी है। अभी राम लला के सामने स्वर्णिम दीपक भी महावीर मंदिर से भेजे गए गाय के घी से जलाया जाएगा। वहीं सात समुंदर पार अमेरिका में रह रहे हिंदू समुदाय ने वॉशिंगटन डीसी में फ्रेडरिक सिटी मैरीलैंड में एक कार रैली का आयोजन किया।

# संसद में फैलाये गये धुएं पर हो रही राजनीति से साजिश की दुर्गंध आ रही है

**सुरेश हिंदुस्तानी**

लोकतंत्र में सरकार की कार्यप्रणाली से सहमत या असहमत होना एक जायज प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है। रचनात्मक विरोध होना लोकतंत्र को और भी अधिक मजबूत बनाने का कार्य करता है। लेकिन अभी हाल ही में लोकसभा के अंदर जिस प्रकार से कुछ लोगों ने विरोध किया, उसे लेकर कई प्रकार के सवाल भी उठ रहे हैं। तथ्यात्मक बात यह है कि विपक्षी राजनीतिक दलों ने आरोपियों पर कार्यवाही के बजाय सरकार को निशाने पर लिया है। हालांकि यह सच भी है कि सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की होती है। इसलिए सरकार की ओर से इस मामले जिम्मेदारी वाला व्यवहार किया जाना चाहिए, लेकिन विपक्ष का रवैया भी देश हित का होना चाहिए। क्योंकि नाकामी को लेकर राजनीति करना देश घातक होती है। देश के प्रति जिम्मेदारी सभी की है। यहां सुरक्षा में चूक तो है ही, पर आरोपियों का व्यवहार और तरीका भी पूरी तरह से अनुचित ही था।

वर्तमान में देश की सभी समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराने के लिए केंद्र सरकार को निशाने पर लेना एक आम बात होती जा रही है। इसके लिए राष्ट्रीय एकता और संप्रभुता की मयार्दाओं को भी लांघने का कृत्य भी ज्यादा कदा दिखाई देता है। यह बात सही है कि विविधता वाले भारत देश में कोई एक बात सबको सही लगे, यह हो ही नहीं सकता, लेकिन लोकतंत्र यही कहता है कि उस बात को चाहने वाले अधिक हैं तो बड़ी खुशी के लिए छोटे दुख को तिरोहित कर देना चाहिए। व्यक्तिगत स्वार्थ व्यक्ति को अधिकांशतः गलत मार्ग पर ही ले जाने के लिए प्रेरित करता है। व्यक्तिगत स्वार्थ के वशीभूत होकर उठाया गया कदम कुछ हद तक सांत्वना दी सकता है, लेकिन जिससे अधिकांश समाज को लाभ मिलता है, वह आने वाले समय में हमारे लिए भी सकारात्मक प्रमाणित होता है। विपक्ष का रवैया आरोपियों के हौसले बढ़ाने वाला है, वे आरोपियों पर नरम और सरकार पर गर्म हो रहे हैं। हालांकि यह भी सर्वथा सत्य है कि देश की संसद पर इस प्रकार का कृत्य सरकार द्वारा प्रायोजित सुरक्षा पर भी अनेक प्रकार के सवाल स्थापित करता है। विपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले सवाल जायज हैं, लेकिन सुरक्षा के मुद्दे को राजनीतिक रूप से उठाना अत्यंत गंभीर है। विपक्षी दल के सांसद भी देश की संसद का हिस्सा हैं, इसलिए उनकी भी भारत की संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जिम्मेदारी कम नहीं होती। सरकार के हर कदम की आलोचना करना मात्र ही राजनीति नहीं होती। राजनीति में देश भाव दिखना चाहिए।

आज देश का राजनीतिक वातावरण एक प्रकार से प्रदूषित जैसा दिखाई देता है। देश में इस राजनीतिक प्रदूषण के लिए हर राजनीतिक दल जिम्मेदार है। क्योंकि आज के राजनीतिक दल एक दूसरे को नीचा दिखाने और स्वयं को स्थापित करने की राजनीति करते दिखाई देते हैं। वास्तविकता यह है कि इस प्रकार की राजनीति किसी भी प्रकार से देश हितैषी नहीं कही जा सकती, लेकिन सवाल यह भी है की संसद की मजबूत सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए कुछ लोग असंसदीय हरकत कर देते हैं। यह घटना सरकार के सुरक्षा इंतजामों पर गहरे सवाल अंकित करती है।

# बचपन की अच्छी आदतों से ही ऊर्जावान जीवन

**डॉ. मोनिका शर्मा**

आपने बहुत से लोगों को अपनी ही उन आदतों से जूझते देखा होगा, जो उम्र के साथ उनकी जीवनशैली का हिस्सा बन गईं। चाहकर भी एक खास तरह की तयशुदा सी जीवन पद्धति से न निकल पाने की यह स्थिति अभिभावकों को चेताने वाली है। बच्चों को अपना दिन सही ढंग से शुरू करने का पाठ पढ़ाने की बात लिए है। ध्यान रहे कि स्वस्थ और सधा जीवन जीने की बहुत-सी कोशिशों के बाद भी उम्र के पहले ही पड़ाव से जड़ें जमा लेने वाली आदतों से छुटकारा नहीं मिल पाता। साथ ही इन आदतों को एक दिन या हफ्ते-महीने भर फॉलो करना काफी नहीं है। जरूरी है कि बच्चे अपने हर दिन की शुरूआत के सही तौर-तरीकों को अपनाएं। धीरे-धीरे ये आदतें उनकी जीवनशैली का हिस्सा बन जाएंगी। एक उम्र के बाद आदतें बदलना वाकई बेहद मुश्किल होता है। आवश्यक है कि अच्छी आदतों की शुरूआत बचपन से ही हो।

**ऊर्जा भरी सुबह**– दिन के अच्छे और प्रॉडक्टिव आरंभ के लिए सुबह की बेहतर शुरूआत आवश्यक है। ऐसे में बच्चों को बचपन से ही सुबह-सुबह ऊर्जावान रहने की सीख दें। घर का माहौल पॉजिटिव और प्रॉडक्टिव बनाएं। अभिभावक खुद भी एक्टिव और आशावान रहें। बालमन को भी समझ मिले कि हर नया दिन जीवन के नये पन्ने के समान होता है। जिस पर कुछ अच्छा लिखने का प्रयास हो। कुछ नया सीखने की कोशिश की जाए। यूं ऊर्जावान नजरिये के साथ दिन शुरू करने से उनके मन में सुबह से ही दिन की सही रूपरेखा बन जाती है। नियत समय पर उठने की आदत से हुई ऊर्जा भरी सुबह की शुरूआत दिन भर तरोताजा रखती है।

**व्यवस्थित जीवनशैली**– सुबह-सुबह कुछ समय निकालकर बच्चों से अपना कमरा और अलमारी व्यवस्थित करने के लिए भी कहें। आमतौर पर लगता है कि ऐसे कामों में बच्चों का काफी समय लग जाता है। जबकि सच तो यह है कि चीजों को व्यवस्थित रखना उनका समय बचाता है। हर चीज सही जगह पर मिलती है। यह अपने कमरे को व्यवस्थित रखने की आदत बना देता है। अपनी चीजों को सही सहेजने की यह आदत ताउम्र बनी रहती है। रूम को क्लटर फ्री रखने की आदत से आगे जीवन में बहुत मदद मिलती है। एक उम्र के बाद भी वे अपनी किताबों, बिस्तर, कपड़ों, खिलौनों या दूसरे सामानों को ढंग से सहेजकर रखना नहीं भूलते। इसीलिए सुबह बच्चों को थोड़ा समय कमरे की चीजों को सुव्यवस्थित करने के लिए जरूर दें।

**सक्रियता की सीख**– बच्चों के दिन की शुरूआत कभी भी आलस और टालमटोल के बर्ताव से न हो। निष्क्रिय रहने की आदत अपनी जड़ें जमा ले तो उम्रभर नहीं जाती है। दिलो-दिमाग हर बात, हर काम के लिए कोई बहाना ढूंढने के मोड में चला जाता है। इसीलिए बचपन में ही घर के छुटके सदस्यों में सक्रिय रहने की आदत डालने की कोशिश की जानी चाहिए। अभिभावक प्यार से बच्चों को एक्टिवली अपना काम करने, स्कूल के लिए तैयार होने के बारे समझाएं। इसके फायदे भी बताएं। एक उम्र के बाद बच्चों में सुबह एक्सरसाइज की आदत भी डालनी चाहिए। वहीं दिन की शुरूआत स्मार्ट गैजेट्स के साथ बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। बच्चे सुबह-सुबह स्मार्टफोन की स्क्रॉलिंग में लग जाते हैं। यह बेहद चिंतनीय है। अभिभावक खुद भी दिन की शुरूआत स्क्रीन में झांकते हुए न करें। यह अनुशासन समय और ऊर्जा बचा सकता है। बेहतर हो यह आदत बच्चों में शुरूआत से डालें। इसके लिए पैरेंट्स को हर दिन कोशिश करनी होगी।

**स्वच्छता का पाठ**– स्वयं स्वच्छ रहना और अपनी चीजों को साफ-सुथरा रखने की आदत भी बचपन से ही डालना आवश्यक है। अभिभावक ना केवल न केवल बच्चों में शरीर की सफाई रखने की बल्कि अपनी किताबों और कपड़ों को भी स्वच्छ रखने की आदत डालें। पुस्तकें हों या स्कूल यूनिफॉर्म, स्कूल बैग हो या अन्य सामान-अगर शुरू से ही बच्चे सफाई रखना सीखते हैं तो आदत बन जाती है। गंदा और अस्त-व्यस्त यूनिफॉर्म हो या कटी-फटी किताबें- ऐसी चीजों को लेकर अभिभावक बच्चों को जरूर टोकें। शुरूआत में माता-पिता बच्चों की इन चीजों को साफ-सुथरा रखने में मदद करें और आगे चलकर बच्चे स्वयं करें।

## स्व0 कालिंदी शुक्ला एवं स्व0 मारकण्डेय शुक्ल को दी गयी श्रद्धांजलि

प्रखर कुशीनगर। नगर पालिका परिषद कुशीनगर के कुरमौटा में स्व0 कालिंदी शुक्ला एवं स्व0 मारकण्डेय शुक्ल की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र प्रो0 अमृतांशु शुक्ल, पूर्व प्राचार्य, बुद्ध पीजी कॉलेज, कुशीनगर के सहयोग से नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा बुधवार को श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन कर ठंड से बचाव हेतु 500 जरूरतमंदों को कम्बल बांटा गया। इस दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति भी हुई। कार्यक्रम की शुरूआत पुण्यात्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य डॉ0 दया शंकर तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि परिजनों की स्मृति में समाजोपयोगी कार्य करना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। ऐसे कार्यों को बढ़ चढ़कर करने की जरूरत है। प्रो0 अमृतांशु शुक्ल ने सभी का स्वागत व आभार प्रकट करते हुये कहा कि माताजी व पिताजी का दीन, दुखियों व असहायों से गहरा लगाव था। उनके दिखाए रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहा हूँ। इस क्रम में जरूरतमंदों को कम्बल भेंट किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर प्रो ब्रजेश सिंह, प्रो रामभूषण मिश्र प्रो0 आर पी पांडेय, नयी दिशा अध्यक्ष प्रो0 सीमा त्रिपाठी, प्रो0 इंद्रासन प्रसाद, डॉ0 आर पी मिश्र, डॉ0 सत्यप्रकाश, डॉ0 गौरव तिवारी, डॉ0 निगम मौर्य, डॉ0 वीरेंद्र साहू, डॉ0 विशेषता मिश्रा, आनंद प्रकाश उपाध्याय, रामायण कुशवाहा, शमानंद गोंड, वीरेंद्र मिश्र, वीरेंद्र पांडेय, नेबूलाल, राजकिशोर, सुनील मिश्र, अतुल भारती, मृत्युंजय शुक्ल, कृष्ण शरण शुक्ल एडवोकेट, सजल शुक्ल, मुकुल शुक्ला, साधना शुक्ला, डॉ0 वृंदा पांडेय, भारती तिवारी, गार्गी पांडेय, अनिल पांडेय, दिलीप तिवारी एडवोकेट, सतीश पांडेय इत्यादि उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ब्लाक प्रमुख ने किया कुंडी गांव में कार्यक्रम

प्रखर मिजार्पुर। हमारा "संकल्प विकसित भारत" विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कुड़ी व राजगढ़ गांव में मंडल-राजगढ़ मे कार्यक्रम किया गया। जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजगढ़ गजेंद्र प्रताप सिंह ने माननीय मोदी जी और माननीय योगी जी की समस्त योजनाओं के बारे मे विस्तृत रूप से चर्चा की। मोदी सरकार की गारंटी वाला रथ के माध्यम से सरकार की विभिन्न विकासपरक योजनाओं का प्रचार- प्रसार किया गया। विकासखंड राजगढ़ कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीयों द्वारा कैंप लगाकर किसान सम्मान निधि,वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन,उज्ज्वला योजना,गरीबों का राशन सहित योजना तमाम योजनाओं का लाभार्थियों का फॉर्म भरवाकर लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया के मरीजों को जरूरी सामान प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपना दल एस राजेंद्र सिंह पटेल, गुलाब मौर्य, उत्कर्ष मौर्य राजू, ग्राम प्रधान आशीष जायसवाल,मेराज अली सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## दिलीप कुमार मौर्य ने सैकड़ों समर्थको के साथ पार्टी छोड़ा

प्रखर सहजनवा,गोरखपुर। सहजनवां विधान क्षेत्र के जान अधिकार पार्टी नेता दिलीप कुमार मौर्य ने पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष के निस्कृता को देखते हुए अपने सैकड़ों समर्थको के साथ पार्टी को छोड़ दिया है। उन्होंने का की जान अधिकार पार्टी का शीर्ष नेतृत्व गरीब। और असहाय की लड़ाई लड़ने में पूरी तरह विफल है। जिससे पार्टी का जनाधार नही बढ़ रहा है। मेरे और समर्थको पर कई फर्जी मुकदमे दर्ज कर जेल भेज दिया। लेकिन शीर्ष नेतृत्व चुप बैठा रहा है। और उत्पीड़न होता रहा। पार्टी छोड़ने वालो में रंजीत मौर्य,अरुण मौर्य,हिमाषु यादव,मनीष चौधरी,सुबोध पाल,सोनू पाल,द्याशंकर मौर्य, दीप चंद मौर्य, संजय मौर्य,प्रदीप मौर्य,अभिषेक मौर्य,राजेश मौर्य,संतोष मौर्य,कन्हैया मौर्य, अभय मौर्य,विकास मौर्य, सहित समर्थक शामिल रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार दो घायल

प्रखर अहरौरा, मिजार्पुर। मेहंदीपुर चौराहा के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारा टक्कर। जिससे बाइक पर बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार इमलिया चट्टी निवासी अनिल कुमार पुत्र श्रीराम किशन द्वारा अपने जीजा के पिता छयबर हरि पुत्र स्वर्गीय बेचन (60) वर्ष व माता चमेला देवी पत्नी छयबर (57) वर्ष निवासी बाराडीह थाना अहरौरा को अपने बाइक से बैठाकर इमलियाचट्टी दवा के लिए लेने जा रहा था तभी क्षेत्र के मेंहदीपुर चौराहा के पास पहूंचा की वाराणसी के तरफ से आ रही ट्रक ने बाइक को पीछे से धक्का मारकर, ट्रक चालक, ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहूंचे नगर चौकी प्रभारी मनोज राय मय फोर्स के साथ घायल को प्राईवेट अस्पताल भिजवाया ईलाज के लिये। जिसमें दोनों घायलों का ईलाज चल रहा है और बाइक चालक अनिल कुमार को कोई चोटे नही आई जिससे वो सुरक्षित हैं।वही पुलिस ने बताया की घटना स्थल पर ट्रक चालक, ट्रक छोड़कर फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही हैं वही और ट्रक वाहन संख्या वढ65ऋ़6988 को कब्जे ले लिया गया हैं, घायल के परिजन के तहरीर पर कार्यवाही की जा रही हैं।

## धरना स्थल पर ही किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जन्मदिवस मनाई गई

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। भारतीय किसान यूनियन के द्वारा वनस्थली महाविद्यालय के पास वाराणसी शक्ति नगर मार्ग रल्ल5अ पर लगे अस्थाई अवैध टोल प्लाजा को हटाने व अन्य मांगो को लेकर किसानों द्वारा दिन रात धरना शांति पूर्वक चल रह हैं। 23/12/2023 को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री किसान नेता चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस धरना स्थल पर मनाया जायेगा। आज दिनांक 20/12/2023 को धरना के 36 वे दिन कंचन सिंह फौजी की अध्यक्षता मे चल रहा हैं, जिसमें निम्न लोग उपस्थित रहे प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह ,मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, जिलाअध्यक्ष कंचन सिंह फौजी , मण्डल प्रवक्ता राजेश कुमार सिंह उर्फ गुड्डू, पंचम सिंह जिला सचिव, धर्मेन्द्र सिंह मिडिया प्रभारी , रामचंद्र यादव ,महेन्द्र सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष, चौधरी रमेश सिंह अन्नदाता ब्लॉक उपाध्यक्ष , व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## देश के अच्छे विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल हो पीयू: कुलपति

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेधनाथ संगोष्ठी भवन में बुधवार को विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में ए प्लस मिलने पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी के साथ संवाद किया। इस अवसर पर प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों में टीम वर्क करने की बहुत अधिक क्षमता है। एक नई यात्रा की अब यहां से शुरू हो रही है। हमें आने वाले समय में अपने एकेडमिक, रिसर्च, इनोवेशन पर बहुत ज्यादा जोर देना है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी कमियां पहचानकर ज्यादा जोर देने की जरूरत है। सभी के सहयोग ने विश्वविद्यालय इस ऊंचाइयों पर आया है। हमारी कोशिश होगी कि हम प्रदेश ही नहीं देश के अच्छे विश्वविद्यालय के साथ खड़े हों। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय उन्हें कही से कुछ ऐसा मौका नहीं दिया कि वह हमारे ग्रेड को गिरा सके। कहा कि हमारा सभी पक्षों का इतना मजबूत और बढ़िया प्रस्तुतीकरण था जिसके कारण हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। अब हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है क्योंकि हमे और आगे जाना है। आईक्यूएसी सेल के समन्वयक प्रो. मानस पांडेय ने नैक की सातों क्रैटिरिया के मूल्यांकन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि राजभवन के मार्गदर्शन और सहयोग के चलते हमें अपनी गुणवत्ता को सुधारने का मौका मिला। कहा कि विश्वविद्यालय के सभी लोगों के सकारात्मक सहयोग से हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं। बार- बार राजभवन की ओर से बुलाकर समीक्षा करने और नैक मंथन में शामिल होने से हमे अच्छा अनुभव मिला। इस कारण हम ए प्लस की ओर बढ़ें। मंचासीन वित्त अधिकारी संजय राय और परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह ने भी अपने अनुभव साझा किए। संचालन डॉ धर्मेंद्र सिंह और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. देवराज सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश पाथार्डिकर, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो.रजनीश भास्कर, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ राजकुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ. रसिकेश, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ. गिरधर मिश्र, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. श्याम कन्हैया, आलोक वर्मा, डॉ पुनीत धवन, डॉ. शशिकांत यादव, सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, कर्मचारी संघ अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, महामंत्री रमेश यादव, डॉ पीके कौशिक, राधेश्याम सिंह मुन्ना, श्यामजी त्रिपाठी, प्रमोद विश्वकर्मा, आदि शिक्षक और कर्मचारी शामिल थे।

# काशी विद्यापीठ राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा निकाली गई सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। राष्ट्रीय सेवा योजना,महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया गया शासन के निर्देश के क्रम में 15 से 31 दिसंबर के मध्य सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है` सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान का मकसद शीत ऋतु में घने कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौत को कम करना और जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है इसी के उपलक्ष में यह जागरूकता रैली निकाली गई` सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ पंत प्रशासनिक भवन के सम्मुख महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सौरभ श्रीवास्तव,विधायक कैंट एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो० आनंद कुमार त्यागी ने झंडा दिखाकर सड़क सुरक्षा जागरूकता




रैली का प्रस्थान किया` कुलपति प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी द्वारा विधायक सौरभ श्रीवास्तव को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया जागरूकता रैली पंत प्रशासनिक भवन से फातमान रोड होकर गांधी अध्ययन पीठ के पास पहुंचकर एक सभा में परिवर्तित हो गई` कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा जागरूकता यथा सड़क पर चलने के नियमों, अनिवार्य रुप से हेलमेट पहनने, सीट वेल्ट लगाने, वाहन सजक होकर धीरे चलाने ,वाहन चलाते समय नशा न करने आदि महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया एन एस एस वालंटियर ने नारे लगाए- सड़क सुरक्षा नियमों का करो सम्मान ना होगी दुर्घटना ना होंगे आप परेशान, नियमों को ना करें बेकार हार्न बजाकर ना करें हाहाकार, वाहन धीमा चलाएं अपना अनमोल जीवन बचाएं, सड़क सुरक्षा की यही पुकार बिना हेलमेट सब बेकार,जानता है देश का हर एक बच्चा सबसे जरूरी सड़क सुरक्षा` सहायक पुलिस आयुक्त यातायात विकास श्रीवास्तव,यातायात निरीक्षण धनंजय प्रताप सिंह (टी एस आई) ,संतोष सिंह के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा नियम सभ्य जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है यह महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक नागरिक, सरकार द्वारा तय नियमों को जानता हो और उनका पालन करता हो यहां तक कि इस बारे में बच्चों और किशोरों को भी देश में सड़क नियमों के बारे में शिक्षित और जागरूक किया जाना चाहिए` इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ० सुनीता पांडेय,उपकुलसचिव श्री हरिश्चंद, कुशानुशासक प्रो० अमिता सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ० रविन्द्र कुमार गौतम सहित कार्यक्रम अधिकारी डॉ० ध्यानेद्र कुमार मिश्र, डॉ० धनंजय कुमार शर्मा,डॉ० हंसराज, डॉ० शैलेश कुमार, डॉ० सुनीता, डॉ० अंजना वर्मा, डॉ० अनिता, डॉ० भारतीय कुरील डॉ० परिजात सौरभ, अम्बुज मिश्र, शशि प्रकाश के अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने रैली में बढ़चढ़ कर सहभागिता की।

## तमिल युवा डेलिगेट्स ने राम नगरी अयोध्या का किया भ्रमण, प्रभु राम के जयकारों की उठी गूंज

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उत्तर प्रदेश की काशी नगरी में इन दिनों काशी - तमिल समागम का आयोजन हो रहा है आयोजन से शामिल हुए तमिल मेहमान भगवान राम की नगरी में अयोध्या पहुंचे हैं जहां सभी का मान सम्मान के साथ स्वागत किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, स्वागत सत्कार देखकर तमिल मेहमान अभिभूत नजर आए` आज सुबह सभी डेलिगेट्स अयोध्या भ्रमण पर निकले उन्होंने अयोध्या स्थित रामजन्म भूमि में दर्शन पूजन किया इसके आलावा उन्होंने अयोध्या बन रहे भव्य राम मंदिर को देखा` डेलिगेट्स में शामिल युवाओं ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल की देन है जो आज हम अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के भव्य मंदिर को देख सके हमने प्रभु राम लला का दर्शन पूजन किया` राम मंदिर दर्शन पूजन करने के बाद युवाओं के दल को हनुमान गढ़ी पहुंचे जहां उन्होंने पवनपुत्र हनुमान का दर्शन पूजन किया` हनुमान मंदिर में कुछ युवाओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया उन्हे मंदिर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई` हनुमान गढ़ी दर्शन पूजन के बाद सभी युवाओं को अयोध्या के प्रमुख कुछ मंदिर का भ्रमण कराते हुए वहां की जानकारी दी गई। यात्रा के अंत में युवाओं के दल को मां सरयू के तट पे ले जाया गया जहां दीपोत्सव स्थान राम की पैड़ी और सरयू तट पर भ्रमण कराया गया`



युवाओं के दल के साथ अयोध्या के जिला प्रशासन के लोगों के साथ साथ अन्य जरूरी जनप्रतिनिधि युवाओं के साथ मौजूद रहीं` सरयू तट पर सभी युवाओं को अयोध्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उनके कुछ प्रश्नो का अधिकारो ने जवाब देते हुए जानकारी दी ,प्रभु राम के जयकारों के साथ युवाओं का दल अयोध्या नगर के भ्रमण के यादों के साथ काशी के लिए रवाना हो गए।

## संक्षिप्त खबरें

### पटरी से अतिक्रमण हटायें वर्ना लगेगा जुर्माना



प्रखर महराजगंज। नगर पंचायत बृजमनगंज कस्बे में लगे लाउडस्पीकर द्वारा सब्जी बिक्रेता, रेडी, खोमचे लगाने वाले सहित सभी दुकानदारों को नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल द्वारा सूचना दी गई कि जो भी दुकानदार हैं वह नाली पटरी के अंदर दुकान लगायें। जिससे आवागमन बाधित न हो। साथ ही हिदायत दी गई कि जो भी दुकानदार नगर पंचायत के नियमों का उल्लंघन करते हुए पटरी का अतिक्रमण करेंगे उनके उपर जुमार्ना लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह आदेश महराजगंज जिलाधिकारी द्वारा लागू किया गया है। जबकि सड़क के किनारे दुकान लगाने वाले सब्जी बिक्रेता छोटू सहित तमाम पटरी व्यवसायी ने विरोध जताते हुए कहा कि हम सब अपनी दुकान लेकर जाये तो कहां जाये। इसकी व्यवस्था नगर पंचायत सुनिश्चित करें।

### डाकघर में स्टाफ की कमी से खाताधारक हो रहे परेशान

प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज। नगर पंचायत बृजमनगंज कस्बे में स्थित उप डाकघर में कर्मचारियों की कमी के कारण खाताधारक हो रहे परेशान आए दिन खाताधारकों एवं कर्मचारियों से लेनदेन को लेकर झड़प हो जा रही है इस बारे में डाकघर में कार्यरत एसपीएम विनोद कुमार ने बताया कि कर्मचारियों की कमी के कारण डाकघर का कार्य समय से पूरा नहीं हो पा रहा है कई बार इसकी शिकायत हमारे द्वारा अपने सीनियर अधिकारियों को दी गई परंतु अभी तक यहां जो रिक्त जगह है उसके लिए किसी को भेजा नहीं गया है। कार्य न होने के कारण जनता में काफी रोज व्याप्त है किसी दिन कोई अप्रत्याशित घटना घट सकती है इस दौरान डाक कर्मचारी मनोज सिंह, शिवम, मिश्रा जी, कमलेश, दीपू,महमूद मौजूद रहे।

### ग्रामीणों द्वारा हुए हंगामे के कारण कोटा का चयन हुआ निरस्त

प्रखर पूर्वांचल हरपुर बुदहट । सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत कट्या में कई बार कोटे के चयन में आ रही दिक्कत को लेकर विगत सोमवार को चयन के लिए तिथि जारी की गई थी। वही दूसरे पक्ष ने अधिकारियों द्वारा की जा रही एक पक्षीय कारवाई को लेकर खूब हंगामा किया। सोमवार को तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया, एडीओ पंचायत अभय कुमार, ग्राम सचिव गौरी सिंह कोटे के चयन के लिए पंचायत भवन पर पहुंचे थे। और कारवाही शुरू किया इस दौरान तीन दावेदारों ने जगत नारायण, अभिमन्यु, अनुराधा ने नामांकन किया। कोटे का चयन के दौरान तीन प्रत्याशियों ने दावेदारी दिखाई जिसमें जगत नारायण अभिमन्यु यादव तथा अनुराधा सिंह, तदोपरांत अभिमन्यु यादव अभिमन्यु के खिलाफ हरपुर थाने में मुकदमा होने की वजह से उनके नामांकन को निरस्त किया गया जिससे अभिमन्यु के पक्ष के लोग कुछ लोग बाहर जाने लगे कुछ लोगों ने जगत नारायण का समर्थन कर दिया इसी दौरान कहा सुनी के बाद हंगामा हो गया। इसके बाद दोनो पक्ष हंगामा करने लगे जिसे एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया।

### नुक्कड़ नाटक के जरिये भोजन की बबार्दी का हुआ मंचन

प्रखर पिंडरा वाराणसी। झूठी आन बान शान और दिखावा के चलते भारत में प्रतिवर्ष 30% भोजन नष्ट हो जाता है। यह इसलिए भी चौंकाने वाला आंकड़ा है क्योंकि भारत में अभी भी 22.4 करोड़ लोग भूखे सोते हैं। ऐसे में शैक्षिक संस्थानों का दायित्व है कि वे लोगों को इस विकट समस्या के प्रति जागरूक करें। इसी दिशा में पहल करते हुए बनारस इंस्टीट्यूट आफ टीचर एजुकेशन बाबतपुर की छात्राओं ने शीर्षक भोजन की बबार्दी से एक नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतीकरण कंपोजिट स्कूल रमईपट्टी, पिण्डरा के प्रांगण में किया। जिसका उद्देश्य बाल मनोविज्ञान को प्रभावित कर बच्चों के अंदर भोजन और इसके बबार्दी से जुड़ी बारिक जानकारी अभिनय विधि से साझा करना था। इस अवसर पर संस्थान की शिक्षिका ज्योति, इशिता व नेहा के मार्गदर्शन में अभिनय करने वाली बी ए व बी एड की छात्राओं नेहा, मनीजा, रानी,समीक्षा, पूजा, अर्चना, किरण, प्रियंका, शशि, सुमन व प्रीति ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति की। विद्यालय के नवाचारी शिक्षक कमलेश कुमार पाण्डेय ने कहाकि अभिनय विधि से शिक्षण स्थाई अधिगम के द्वार खोलता है।

### सेवा समिति ने असहाय लोगों को दिया कम्बल

प्रखर पिंडरा वाराणसी। समाज उत्थान सेवा समिति, नट समुदाय संघर्ष समिति के तत्वाधान मे असहाय नट व मुसहर बस्ती समुदायों मे ठंड से राहत दिलाने के लिए कम्बल वितरित किया गया। कुआर नट बस्ती मे संस्था की तरफ से 150 कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान वितरण में सहयोग करने वाली मंजू आपरेटर के अलावा ग्राम प्रधान कुआर, बेलवा, हमीरापुर, नथई पुर, लख्मीपुर, घमहापुर के अलावा व संस्था के अध्यक्ष प्रेम कुमार नट, अनिल कुमार, संतोष पटेल, धर्मेंद्र पटेल, प्रीति, रूपा, अनूप उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत सदस्य को मातृ शोक

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह की 85 वर्षीय वृद्ध मॉ मुन्नी देवी की बुधवार की दोपहर में निधन हो गया। सेक्टर नम्बर 2 के जिला पंचायत सदस्य के निवास स्थान रसूलपुर से अपराह्न में निकली शव यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, अजगरा विधायक प्रतिनिधि मनीष पांडेय, ग्राम प्रधान पंकज शुक्ला, सुनील सिंह, ननकू दुबे, संजय सिंह व चंद्रेश यादव समेत विधाय अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।

### आईटीएम गीडा में आयोजित हुआ मैराथन प्रतियोगिता

प्रखर गोरखपुर। आई नेक्स्ट के द्वारा आयोजित मैराथन प्रतियोगिता मे टीम मैनेजर ए के सिन्हा के नेतृत्व मे तीन अलग अलग श्रेणियों मे पदक प्राप्त कर अपने परिवार के साथ साथ संस्थान का नाम रोशन किया` इस सफलता पर बधाई देते होते संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने कहा कि कोशिश करने से ही सफलता प्राप्त होती हैं, यदि हम लगातार प्रयास करते रहेंगे तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त करना कठिन नही हैं। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्र के इस सफलता पर बधाई दिया।

### घघसरा नगर पंचायत में धड़ल्ले से बिक रहा है मिलावटी मिठाइयां

प्रखर घघसरा, सहजनवां। गोरखपुर जिले के सहजनवां तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत के घघसरा बाजार में मिलावटी मिठाइयों का भरमार आप को बताते चले जहा एक तरफ सिंथेटिक दूध, स्टार्च (अरारोट) के उपयोग से रेडिमेड रसगुल्ला बनाया जाता है। सिंथेटिक दूध, सूजी, गीला ग्लूकोज से नकली मिल्क केक तैयार किया जाता है। सिंथेटिक दूध, सूजी, आलू, शकरकंद, तेल व रंगों से नकली मावा बनाया जाता है। खोवा में कानपुरी आटा की मिलावट की जाती है लगभग सभी जगह पर बंगाली नकली मिठाइयों को बनाने में पूर्ण रूप से सक्षम दिखाई देते हैं लोग अब मिठाई या नहीं बल्कि बीमारियां खरीद रहे हैं।

## बदलते परिवेश में सोशल मीडिया ने बनाया महत्वपूर्ण स्थानः यूसुफ खान

प्रखर खेतासराय जौनपुर। भारतीय पत्रकारिता में इलेक्ट्रॉनिक चैनलों से ज्यादा सोशल मीडिया ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई है । सभी संस्थान आज उनका कई फोरम पर अनुसरण कर रहे है । वर्तमान में मीडिया खबर को सनसनीखेज के चक्कर मे जमीनी सच्चाई का स्थान नही मिल पाता है । पत्रकार समाज का आईना होता ऐसे में निष्पक्ष पत्रकारिता को तरजीह देना आवश्यक है । उक्त विचार युवा पत्रकार यूसुफ खान ने बुधवार को कस्बे में आयोजित 'पत्रकारिता व वर्तमान चुनौती' विषयक कांफ्रेंस में बोलते हुए कही । उन्होंने कहा कि बदलते वक़्त के साथ बाजारवाद और पत्रकारिता के अन्तर्सम्बन्धों के पत्रकारिता की विषय-वस्तु तथा परस्तुति शैली में व्यापक परिवर्तन किये है । श्री खान ने चिंता जताते हुए कहा कि 21 वी सदी में दुनिया विज्ञान और टेक्नोलॉजी की बात कर रही है लेकिन भारतीय मीडिया आज भी जाति धर्म, मन्दिर मस्जिद की तथाकथित राजनीति से आगे नही बढ़ पा रही है। इस तरह की पत्रकारिता समाज मे अंधविश्वास, धार्मिक उन्माद और सामीजिक विघटन ही पैदा करेगी । इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार आनंद सिंह, राकेश शर्मा, विवेक श्रीवास्तव और अशोक यादव ने अपने विचार रखें ।



## चेयरमैन ने फीता काटकर खेल का किया शुभारंभ

प्रखर महराजगंज। नगर पंचायत नगर पंचायत बृजमनगंज के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज खेल ग्राउंड में आज दिनांक 20 12 2023 दिन बुधवार को खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के अध्यक्ष राकेश जयसवाल द्वारा पिता काटकर खेल का शुभारंभ किया गया।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को विकास के लिए खेल का आयोजन समय समय पर कराया जाता हैं इसी क्रम में आज युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विभाग दल द्वारा खंड स्तरीय खेल का आयोजन किया गया।नगर पंचायत अध्यक्ष ने खेल में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।इस दौरान राजू जायसवाल सहित पीआरडी जवान मौजूद रहे।

## उत्तर भारत कराटे चैंपियनशिप में रैयान दुरानी ने रजत पदक जीतकर बढ़ाया जिले का मान, बधाई देने वालों का लगा तांता

प्रखर संतकबीरनगर। उत्तर भारत कराटे चैंपियनशिप में रैयान दुरानी ने इस बार रजत पदक जीतकर जिले समेत इलाके का मान बढ़ाया है।17 दिसंबर को गाजियाबाद में आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया था।जिसमें विकासखंड के ग्राम सेहुंडा निवासी रैयान दुरानी ने रजत पदक जीता है।17 वर्षीय रैयान दुरानी पिछले कुछ वर्षों से अलीगढ़ स्थित कराटे चैंपियनशिप एकेडमी में कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस चैंपियनशिप में अलीगढ़, गाजियाबाद ,नोएडा,बुलंदशहर, मेरठ समेत अन्य जिलों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें अलीगढ़ का दबदबा रहा है। इस चैंपियनशिप वसीम आरिफ , शाकिर मालिकऔर रिया ने स्वर्ण पदक जीता वहीं रैयान दुरानी, फरहान और इंशारा बतूल ने रजत पदक प्राप्त किया` मेहल अनीस,आमना फातिमा और प्राची कांस्य ने कराटे चैंपियन अलीगढ़ के लिए कांस्य पदक प्राप्त किया। कराटे चैंपियन एकेडमी के एथलीटों ने अपने मुख्य प्रशिक्षक सें नसीम खान की अगुवाई में इस टूनार्मेंट में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।कोच जुबैर अहमद के नेतृत्व में टीम बढ़िया प्रदर्शन किया। रैयान दुरानी समेत अन्य खिलाड़ियों को मिली सफलता पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मो.अहमद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महताब आलम उर्फ लड्डू, पूर्व प्रमुख महमूद आलम चौधरी, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख शब्बीर अहमद, मोहम्मद अदनान, गुफरान आजम, रिजवान अहमद समेत अन्य लोगों ने मुबारक दी है।



## गरीब, शोषित, वंचितो का कल्याण मोदी सरकार की पहली प्राथमिकता : भानुप्रताप सिंह

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मनिहारी विकासखंड के ग्राम सभा कटघरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सरकार द्वारा पात्र लाभार्थियों को सम्मानित किया। उक्त अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि जब से भारत में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी और 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सरकार बनी देश व प्रदेश के बेसहारा वह गरीब लोगों के जीवन के उत्थान के लिए मोदी योगी के नेतृत्व में कई कल्याणकारी योजनाओं का आरंभ किया गया जिसे उनके जीवन शैली में और रहन-सहन में बहुत परिवर्तन आया और उनका कल्याण हुआ। सरकार की विभिन्न योजनाएं जनधन से लेकर प्रधानमंत्री आवास, सौभाग्यवती योजना, बीपीएल महिलाओं को फ्री रसोई गैस, वृद्धा पेंशन दिव्यांग




पेंशन, कोरोना कल से ही फ्री अनाज गरीबों को समर्पित रही। भानु प्रताप सिंह ने कहा घर-घर खुशहाली, मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से भारत के कोने-कोने में गांवों-कस्बों तथा शहरों में रोज लाखों लोग जुड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा जन-जन को विश्वास और संकल्प कराएगी कि विकसित भारत बनाने में प्रत्येक भारतवासी का योगदान होगा। देश में अगर मोदी जैसा नेतृत्व रहा तो अपना भारत सबसे सुंदर और मजबूत भारत होगा हरगांव शहर का तेजी से विकास होगा और लोगों के जीवन में सरकार की योजनाओं से खुशहाली आएगी यह मोदी की गारंटी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजेश राजभर ने भी स्थानीय जनता से संवाद कर मोदी के विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। इस मौके पर जखनिया विधानसभा भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रामराज बनवासी, मनिहारी ब्लॉक खंड के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी सचिव, ग्राम प्रधान सहित भारी संख्या में सम्मानित जनता एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारी कार्य जारी, कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे सदर विधायक तथा जिले के आला अधिकारी

प्रखर संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश राज्य के मुखिया योगी आदित्यनाथ का 21 दिसंबर 23 दिन गुरुवार को संतकबीर नगर जिले के बघौली विकासखंड के देवडीह करौंदा गांव में आगमन होने वाला हैं । मुख्यमंत्री के आगमन के खबर से जिले का सरकारी अमला युद्ध स्तर पर करौदा गांव में आगमन की तैयारी में जुटा हुआ हैं । मुख्यमंत्री का आगमन 21 दिसंबर दिन बृहस्पतिवार को सुबह 10:00 बजे आगमन होगा। 1घंटे तक कार्यक्रम स्थल पर जनसभा को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। हम बात करे देवड़ीह करौंदा गांव की तो वहा पर हेलीपैड का निर्माण, सभा स्थल पर पांडाल का निर्माण तथा बौर व्यास मुख्य मार्ग से कार्यकम स्थल तक पीडब्ल्यूडी की सड़क का ताबड़ तोड़ निर्माण कराया जा रहा हैं । मुख्यमंत्री आगमन को लेकर कहीं से कोई कमी ना रह जाए उनके कार्यक्रम में इसका पूरा-पूरा ख्याल जिला प्रशासन रख रहा है। जिले के सभी आला अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद है। ड्यूटी करोड़ों गांव में पंचायत भवन का रंग रोगन ईटीवी कैमरे तथा अन्य सभी परियों को ध्यान में रखकर कलेक्टर को अमली जामा पहनाने पर जिला प्रशासन युद्ध स्तर से कम कर रहा हैं। इसी बीच संत कबीर नगर जिले के खलीलाबाद सदर सीट के विधायक अंकुर राज तिवारी भी अपने तैलबाल के साथ मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और एक चीजों का जायजा लिया। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव होने के बाद उत्तर प्रदेश राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन संत कबीर नगर जिले में पहली बार हो रहा है क्षेत्र तथा जिले की जनता मुख्यमंत्री को सुनने के लिए उत्सुक है सदर विधायक ने आगे बताया की विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मुख्यमंत्री जी का आगमन हो रहा हैं । 21 अन्न पूर्ण भवन तथा संतकबीरनगर जिले को सेफ सिटी के रूप में विकसित करने के लिए भी लोकार्पण करेंगे। माननीय मुख्यमंत्री जी के आगमन से संत कबीर नगर जिले को एक बड़ी सौगात मिलने की उम्मीद है। और संत कबीर नगर जिले में जो भी विकास के कार्य हो रहे हैं वह भी माननीय मुख्यमंत्री जी के ही द्वारा दिए गए हैं। जिले तथा क्षेत्र की जनता से मेरी यह अपील है की ज्यादा से ज्यादा संख्या में देवडीह करौंदा गांव में पहुंचे और मुख्यमंत्री महोदय को सुने तथा उनके विचारों से लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री के आगमन कार्यक्रम स्थल पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता राकेश कुमार पांडे, देवडीह करौंदा गांव के ग्राम प्रधान,खलीलाबाद विकास खंड के वीडीओ विनोद मणि त्रिपाठी, मेहदवाल के लोकप्रिय विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी, रोजगार सेवक संघ के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार पाण्डे, जिला विकास अधिकारी तथा पूरे जनपद के सभी ब्लॉकों के कर्मचारी तथा अधिकारी मौजूद हैं ।

## मण्डल के कृषको के उत्पादो एवं प्रसंस्कृत वस्तुओं के निर्यात हेतु बनाये कलस्टर : प्रभारी मण्डलायुक्त

प्रखर मिजार्पुर। प्रभारी मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर कृषि निर्यात उन्मुख कलस्टर निर्माण पंजीकरण हेतु एवं किसानो की आय को दोगुनी करने के दृष्टिगत मण्डल स्तरीय निर्यात निगरानी समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में कृषि निर्यात उन्मुख कलस्टर निर्माण एवं प्रगतिशील कृषको का निर्यात हेतु पंजीकरण कराने एवं निर्यात हेतु उनके उन्नतिशील बीज एवं उत्पाद की गुणवत्ता जांच तथा कृषको को अपने उत्पादो के फसलो को निर्यात करने के प्रति जागरूक करने के लिये चर्चा की गयी। प्रभारी मण्डलायुक्त ने बैठक में उपस्थित सहायक कृषि विपणन अधिकारी वाराणसी एवं विन्ध्याचल मण्डल को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद मीरजापुर में सर्वाधिक उत्पादित होने वाले फसल टमाटर, मिर्च, ड्रैगन फूड तथा जनपद भदोही में उत्पादित मिर्च, करैली, भिन्डी एवं सोनभद्र के चिरौंजी, ज्वार, देशी बाजरा आदि से सम्बन्धित कृषको को ब्लाकवार सूची बनाकर यह सर्वे कराने का निर्देश दिया कि उनके द्वारा किन-किन फसलो की कितने क्षेत्रफल में खेती की जा रही है ऐसे किसानो को किसान गोष्ठी एवं किसान दिवस में सम्बन्धित विभागीय अधिकारी द्वारा पहुचंकर निर्यात से जुड़ने एवं निर्यात के लिये गुणवत्तापूर्ण फसल कैसे उत्पादित किया जाय आदि विषयो के बारे में विस्तृत जानकारी दिया जाय। निर्यात के लिये कृषको को एक कलस्टर बनाते हुये एफ0पी0ओ0 के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत कृषक यदि स्वयं जुड़ना चाहता है तो उसे उत्पादित फसलो के निर्यात के पंजीकरण कराया जाय। उन्होने कहा कि ब्लाकवार ऐसे प्रगतिशील कृषको की गोष्ठिया भी आयोजित कर उन्हे फसलो की गुणवत्ता के बारे में जानकारी देते हुये निर्यात होने वाले सब्जी, तिहन व अन्य फसलो के बारे में जानकारी दी जाय ताकि वे उसी के अनुसार फसल का उत्पादन करते हुये निर्यात नीति से जुड़ सके और अपने उत्पादो को बाहर के बाजारो में भेजकर अपनी आमदनी को बढ़ा सकें। इसी प्रकार पशु पालन विभाग को भी दूध के न्यूनतम मूल्य निर्धारण हेतु शासन को पत्राचार करने पर चर्चा की गयी। जनपद मीरजापुर में मशरूम का भी कलस्टर बनाने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। उन्होने कहा कि किसानो को बीज की गुणवत्ता एवं उत्पादित फसल की गुणवत्ता के पैरामीटर के बारे में अवश्य जानकारी दी जाय। बैठक में कृषि निर्यात प्रोत्साहन, कृषि निर्यात पोस्ट हारवेस्ट प्रबन्धन, कृषि निर्यात उत्पाद/उत्पादन में प्रयुक्त विनिद्दष्टि कृषि उत्पाद पर मण्डी शुल्क/प्रयोक्ता प्रभार एवं विकास से मिलने वाली छूट/सब्सिडी आदि के बारे में भी जानकारी दी जाय। बैठक में कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग वाराणसी के मण्डलीय अधिकारी, सहायक निदेशक पशुपालन, जिला कृषि अधिकारी मीरजापुर अवधेश यादव, सहायक उद्यान अधिकारी मीरजापुर एवं जनपद सोनभद्र, भदोही व मीरजापुर के एफ0पी0ओ0 उपस्थित रहें।

## काशी एवं तमिल संस्कृति पर आधारित चित्र प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी तमिल संगमम पार्ट–टू में भी लोगों का उत्साह नजर आ रहा है। नमो घाट पर काशी तमिल संगमम में लगे विभिन्न स्टालों पर लोगों की जहां भीड़ उमड़ रही है वहीं तमिलनाडु से आने वाले लोग काशी की संस्कृति की झलक ले रहे हैं तो काशीवासी तमिल संस्कृति से रुबरु हो रहे हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' परिकल्पना को इस आयोजन से साकार किया जा रहा है। 17 दिसंबर को जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी तमिल संगमम के पार्ट–टू का शुभारंभ किया उसके बाद से तमिल और काशीवासियों में उत्साह दौड़ गया। काशी तमिल संगमम स्थल नमो घाट पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से "हमारा संकल्प विकसित भारत, काशी एवं तमिल संस्कृति, तमिल स्वतंत्रता आंदोलन और इन दो जगहों के भारत रत्न एवं पद्म पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तित्वओं के जीवनी पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी है जहां लोग बड़े उत्साह के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं। प्रदर्शनी में तमिलनाडु एवं काशी के सामजिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र के चर्चित एवं प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के जीवन एवं योगदान की गाथा चित्रों एवं शब्दों में प्रदर्शित की गयी है जिसमे तमिलनाडु के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी,पुली थेवर, वीरापाण्ड्य कट्टा बोम्मन, मारुथु ब्रदर्स, रानी वेलु नचियार,धीरन चिन्नमलै, ओंदीवीरन,वीरन अझगू मुत्तू कोणे आदि शामिल हैं। सामजिक एवं राजनैतिक क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तित्व चक्रवर्ती, राजगोपालचरी,डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, सर चंद्रशेखर वेंकट रमन, के कमराज, चिदंबरम सुब्रमण्यम, मदुरै शंमुख वदिवु सुब्बु लक्ष्मी, एमजी रामचंद्रन आदि हैं और वाराणसी के सामजिक एवं राजनैतिक, सांस्कृतिक क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तित्व महामना पंडित मदनमोहन मालवीय, डॉ. भगवान दास, लाल बहादुर शास्त्री, बिस्मिल्ला खां,पंडित रविशंकर आदि के बारे में जानकारी दी गयी है साथ ही काजीवरम और बनारसी सिल्क साड़ी और हमारा संकल्प विकसित भारत थीम पर केंद्रीय सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में चित्रों और संक्षिप्त शब्दों में जानकारी देने का एक प्रयास है।

## संक्षिप्त खबरें

### किर्गिस्तान : मिनी बस व कार की टक्कर से दो मरे

**बिश्केक।** पूर्वी किर्गिस्तान के इस्सिक-कुल क्षेत्र में मिनी बस और कार के बीच टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को बताया कि दुर्घटना काराकोल-टायुप रोड पर उस समय हुई जब एक कार अनियंत्रित होकर मिनी बस से टकरा गई। इसमें दोनों वाहन चालकों की मौके पर ही मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए।

### पाकिस्तान में अर्धसैनिक बलों पर आतंकी हमला

**पेशावर।** पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में मंगलवार को आतंकवादियों ने अर्धसैनिक फ्रंटियर कोर की टीम पर हमला किया, जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गई। आतंकवादियों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कबीलाई जिले तिराह वैली खैबर के ऊपरी बारा इलाके में पास के पहाड़ों से फ्रंटियर कोर की बम निरोधक इकाई पर गोलीबारी की। गोलबारी में घायल दो सैनिकों की अस्पताल में मौत हो गई। हमले के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया तथा भाग रहे आतंकियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया।

### मोरक्को की नौसेना ने 23 प्रवासियों को बचाया

**रबात।** मोरक्को की नौसेना ने टैन-टैन बंदरगाह के पास अटलांटिक तट के पास समुद्र में नाव से 23 प्रवासियों को बचाया। मोरक्को रॉयल सशस्त्र बल के अनुसार तटीय निगरानी के प्रभारी नौसेना इकाई ने उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका के तट से दूर एक स्पेनिश द्वीपसमूह कैनरी द्वीप की ओर जा रही नाव को रोक लिया। नाव में सवार उप-सहारा अफ्रीका के 23 प्रवासियो को चिकित्सा के लिए रॉयल जेंडरमेरी को सौंप दिया गया।

### मिस्र : सिसी ने राष्ट्रपति का चुनाव जीता

**काहिरा।** मिस्र के राष्ट्रीय चुनाव प्राधिकरण (एनईए) ने घोषणा की है कि मौजूदा राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी ने 2024 का राष्ट्रपति चुनाव 89.6 प्रतिशत वोटों के साथ जीत गए हैं। एनईए के अध्यक्ष हेज़ेम बदावी ने कहा कि रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी का नेतृत्व करने वाले हेज़म उमर ने 4.5 प्रतिशत वोट हासिल किए, उनके बाद मिस्र की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के फरीद ज़हरान और मिस्र की वफ़द पार्टी के अब्देल-सनद यामामा थे। चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद, सिसी ने राष्ट्र के नाम भाषण दिया और कहा, देश का नेतृत्व करने के लिए मुझे चुनना एक जिम्मेदारी है, जिसे मैं ईमानदारी से निभा रहा हूं।

### आइसलैंड में ज्वालामुखी विस्फोट

**रेक्जाविक।** दक्षिण-पश्चिम आइसलैंड के रेक्जेन्स प्रायद्वीप पर हफ्तों की तीव्र भूकंप गतिविधि के बाद ज्वालामुखी फट गया है। आइसलैंडिक मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार विस्फोट ग्रिंडाविक से लगभग 4 किमी उत्तर पूर्व में सुंधनुकागिगर के करीब हुआ है। सोमवार की रात लगभग 9 बजे शुरू हुए भूकंप के झटके के बाद विस्फोट रात 10.17 बजे शुरू हुआ। ज्वालामुखी में दरार की लंबाई लगभग 3.5 किमी है, इसमें लावा लगभग 100 से 200 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड की दर से बह रहा है।

### गाजा में बच्चों वाले अस्पताल पर हमला

**गाजा।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के प्रवक्ता जेम्स एल्डर ने मंगलवार को कहा कि इस्राइली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में पिछले 24 घंटों में दो बार बच्चों वाले एक अस्पताल को निशाना बनाया है। एल्डर ने संवाददाताओं से कहा कि गाजा पट्टी बच्चों के लिए दुनिया में सबसे खतरनाक जगह बनी हुई है और स्थिति हर दिन खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटों में इस्राइली सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी के सबसे बड़े अस्पताल पर दो बार हमला किया है।

### गिनी : ईंधन डिपो में विस्फोट से 13 की मौत

**कोनाक्री।** गिनी की राजधानी कोनाक्री में स्थित देश के मुख्य ईंधन डिपो में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 178 घायल हो गए। पश्चिमी अफ्रीकी देश गिनी के राष्ट्रपति ने कहा कि रविवार आधी रात को 'गिनी पेट्रोलियम कंपनी' के डिपो में भीषण विस्फोट के कारण आग लग गई, जिससे कलौम प्रशासनिक जिले में बहुत नुकसान हुआ।

# मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत का कद बढ़ा : भूपेंद्र

■ नई दिल्ली (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत का कद बढ़ा है और दुनिया नवाचार एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उसके नेतृत्व को पहचानने लगी है। उन्होंने कहा, भारत महज 615 करोड़ रुपये खर्च कर चंद्रमा पर सफलतापूर्वक पहुंच गया। चंद्रयान 3 के साथ भारत की अंतरिक्ष यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण बातों में से एक आत्मनिर्भरता का महत्व है जबकि इसके शुरुआती मिशन अंतरराष्ट्रीय साझेदारी पर निर्भर थे, चंद्रयान 3 आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम था।



■ कहा, दुनिया नवाचार एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रधानमंत्री के नेतृत्व को पहचानने लगी है

भूपेंद्र यादव ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, आईएमएफ, विश्वबैंक और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने चीन और अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत के उल्लेखनीय आर्थिक सुधार को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा, जब कोरोना महामारी आई तो दुनिया ने सोचा कि भारत धराशायी हो जाएगा। लेकिन, कोविड के प्रति इसकी प्रतिक्रिया दुनिया के लिए एक उदाहरण बन गई। भारत ने न केवल सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया, बल्कि दुनिया का सबसे तेज ऐसा अभियान भी चलाया। और क्या है? टीके भारत में बनाए गए। देश के कोविड वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम ने 100 से अधिक देशों की सहायता की।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, वर्ष 2022 में भारत ने सकल घरेलू उत्पाद में ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया, वह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। विश्वबैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है तथा भारत की वृद्धि दर अमेरिका (2.1 प्रतिशत) और चीन (4.4 प्रतिशत) जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से आगे है। यादव ने अनुमान जताया कि भारत 2025 में जीडीपी के मामले में जर्मनी और 2027 में जापान को पीछे छोड़कर अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत एक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरा है, जो एप्पल और फॉक्सकॉन जैसी कंपनियों को आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक पहचान और कद हासिल किया है।

## पुतिन ने अंतरराष्ट्रीय कर संबंधित कानून को दी मंजूरी

■ मॉस्को (वार्ता)।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने मंगलवार को रूस के खिलाफ 'अमित्रवत' गतिविधियों में शामिल देशों के साथ करों पर अंतरराष्ट्रीय समझौतों के अलग-अलग प्रावधानों को निलंबित करने वाले एक कानून मंजूरी। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया सहित लगभग 38 देश इस कानून से प्रभावित हुए हैं। कानून अन्य बातों के अलावा कम दरों, कर छूट के आवेदन के संबंध में कर समझौतों के कई प्रावधानों को निलंबित करता है। इसके अलावा, लाभांश, रियल एस्टेट राजस्व, लाइसेंस, रॉयल्टी और अन्य आय पर करों पर सहमत नियमों को भी निलंबित कर दिया गया है।



# एलन मस्क की कंपनी 'एक्स' की जांच शुरू

■ लंदन (एपी)।

यूरोपीय संघ ने हानिकारक ऑनलाइन सामग्री से सोशल मीडिया और लोगों की रक्षा करने के लिए बनाए यूरोप के कड़े नए नियमनों के तहत एलन मस्क की माइक्रोब्लॉगिंग साइट 'एक्स' की जांच सोमवार को शुरू की। यह पहली प्रौद्योगिकी कंपनी है जिसकी यूरोप के नए नियमनों के तहत जांच की जा रही है।



■ यह पहली प्रौद्योगिकी कंपनी है जिसकी यूरोप के नए नियमनों के तहत की जा रही है जांच

यूरोपीय आयुक्त थिएरी ब्रेटन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, आज हमने डिजिटल सेवा अधिनियम के तहत एक्स के खिलाफ उल्लंघन की जांच के लिए औपचारिक कार्यवाही शुरू की है। इसके जवाब में मस्क ने पूछा कि क्या यूरोपीय संघ अन्य सोशल मीडिया साइट की भी जांच करेगा। यूरोपीय संघ ने अक्टूबर में कंपनी से इस्राइल-हमास युद्ध से संबंधित नफ़रत फैलाने वाले भाषण, भ्रामक सूचना और हिंसा को बढ़ावा देने वाली तथा आतंकवाद से संबंधित सामग्री से निपटने पर सूचना मांगी थी जिसके बाद से उसने 'एक्स' पर दबाव बढ़ा दिया है। सैन फ्रांसिस्को स्थित सोशल मीडिया मंच ने कहा कि वह 'डिजिटल सेवा अधिनियम का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है और नियामक प्रक्रिया के साथ सहयोग कर रहा है। यह महत्वपूर्ण है कि यह प्रक्रिया राजनीतिक प्रभाव से मुक्त रहे और कानून के अनुसार चले।'

## अश्विन रामास्वामी जॉर्जिया से लड़ेंगे चुनाव

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** भारतीय-अमेरिकी सॉफ्टवेयर इंजीनियर अश्विन रामास्वामी ने सीनेट डिस्ट्रिक्ट 48 का प्रतिनिधित्व करने के लिए अमेरिकी राज्य जॉर्जिया से डेमोक्रेट के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा की है। निर्वाचित होने पर रामास्वामी जॉर्जिया राज्य सीनेट में पहले भारतीय-अमेरिकी पहले जेन जेड सदस्य और कंप्यूटर विज्ञान और कानून की डिग्री के साथ एकमात्र राज्य सीनेटर बन जाएंगे।



रामास्वामी ने एक्स पर अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करते हुए पोस्ट किया, मैं जीए राज्य सीनेट डिस्ट्रिक्ट 48 के लिए अपने अभियान की घोषणा करते हुए उत्साहित हूं। मैं हमारे राज्य सीनेट में समावेशी, सूचित और दूरदर्शी नेतृत्व लाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। कैंपेन बयान में कहा गया, मैंने गैर-लाभकारी संस्थाओं, धार्मिक समुदायों, प्रौद्योगिकी स्टार्टअप और कानून और नीति के माध्यम से अपने समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम किया है।

# चीन में भूकंप ने मचाई तबाही

■ बीजिंग (भाषा)।

उत्तर पश्चिमी चीन के सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में मध्य रात्रि को आए शक्तिशाली, 6.2 तीव्रता के भूकंप में कम से कम 118 लोगों की मौत हो गई और 500 से अधिक लोग घायल हो गए हैं।

चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात 11 बजकर 59 मिनट पर गांसू और किनघई प्रांतों में हल्का भूकंप आया और इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था। विशेषज्ञों ने बताया कि हल्के भूकंप से बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान होता है। भूकंप का केंद्र लियुगोऊ शहर में था जो गांसू में जिशिशान काउंटी से करीब आठ किलोमीटर दूर है। किनघई प्रांत हिमालय के तिब्बत क्षेत्र से सटा है जहां महाद्वीपीय प्लेटों के टकराने से आए दिन भूकंप आते रहते हैं। इसके कुछ घंटों बाद मंगलवार को सुबह नौ बजकर 46 मिनट पर पड़ोसी शिनजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में दूसरा भूकंप आया। 'सीईएनसी' के अनुसार, भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहरायी में था। गांसू और किनघई में भी भूकंप के बाद के झटके भी महसूस किए गए। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों के अनुसार,



गांसू में भूकंप से 105 लोगों की मौत हुई जबकि किनघई में 13 लोगों की मौत हुई।

अधिकारियों ने बताया कि अभी तक भूकंप प्रभावित इलाकों में 579 लोगों के घायल होने की खबर है। भूकंप से जिशिशान में 6,381 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। प्रांतीय आपात प्रबंधन विभाग के प्रवक्ता हान शुजुन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अभी तक भूकंप के बाद के 32 झटके महसूस किए गए हैं, जिनमें से सबसे ज्यादा तीव्रता 4.0 रही। भूकंप से कुछ ग्रामीण सड़कें नष्ट हो गयीं जिससे बिजली गुल हो गयी और दूरसंचार सेवाएं ठप हो गयी। परिवहन मंत्रालय ने मंगलवार को सुबह बताया कि भूकंप के कारण 'पीली नदी' पर बने एक पुल में दरार आ गयी है।

स्थानीय मौसम विज्ञान प्राधिकारियों के अनुसार, जिशिशान में मंगलवार को पारा शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की आशंका है। प्रांतीय दमकल एवं बचाव विभाग ने आपदाग्रस्त क्षेत्र में 580 बचावकर्मियों, 12 खोजी कुत्तों और 10,000 से अधिक उपकरण भेजे हैं। रेलवे प्राधिकरण ने भूकंप प्रभावित क्षेत्र में यात्री और मालवाहक ट्रेन निलंबित कर दी है और रेलवे की पटरियों की सुरक्षा जांच का आदेश दिया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भूकंप के बाद हताहतों की संख्या कम करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया है। शी ने स्थानीय प्राधिकारियों से घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने और भूकंप तथा मौसम की स्थिति पर करीबी नजर रखने को कहा है।

■ 6.2 तीव्रता वाले भूकंप में 118 लोगों की मौत, 500 से अधिक लोग घायल

■ जिशिशान में 6,381 मकान हुए क्षतिग्रस्त

■ दूरसंचार सेवाएं पूरी तरह ठप, बिजली गुल

## इस्राइल विरोधी प्रदर्शनकारियों के निशाने पर भारतवंशी सांसद

■ वाशिंगटन (भाषा)।

अमेरिका में इस्राइल विरोधी प्रदर्शनकारियों के समूह ने भारतवंशी सांसद थानेदार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने थानेदार के घर के बाहर कार के हार्न बजाए और गाजा में फिलिस्तीनियों की मौत पर थानेदार की चुप्पी पर नारेबाजी की। थानेदार (68) ने सात अक्टूबर को हमास आतंकवादियों के भीषण हमले के बाद इस्राइल के प्रति कट्टर समर्थक रुख अपनाया है।

थानेदार ने 'एक्स' पर लिखा कि दोपहर तीन बजे घर के बाहर प्रदर्शनकारी इकट्ठा हो गए। पोस्ट में वीडियो भी है जिसमें उनके घर के बाहर सड़क पर कारें खड़ी दिख रही हैं। एक व्यक्ति कपड़े जैसी वस्तु लहरा रहा है तथा अन्य लोग कुछ नारे लगा रहे थे। वीडियो में प्रदर्शनकारी यह कहते सुना जा सकता है, 'आप गाजा पर बमबारी में सहभागी हैं... आपकी चुप्पी हिंसा है। आपकी चुप्पी घृणित है और हम आपको सोने नहीं देंगे।' एक प्रदर्शनकारी कह रहा था, 'इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।'

# इस्राइल युद्ध में अब तक 20 हजार मरे

■ यरुशलम (वार्ता)।

इस्राइल और फिलिस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास के बीच जारी युद्ध में अब तक 20 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।



स्थानीय मीडिया के मुताबिक गत सात अक्टूबर से जारी इस युद्ध में अभी तक 20,653 लोग मारे जा चुके हैं। जिनमें 19 हजार 453 फिलीस्तीनी नागरिक मारे गए हैं और 1200 इस्राइली लोगों में से अधिकांश की मौत हमास के हमले के शुरुआती दिन के है। फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने कहा है कि गाजा पट्टी में रहने वाली कुल आबादी की 85 प्रतिशत से अधिक यानी 19 लाख से अधिक की आबादी अब तक कई बार विस्थापित हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया, फिलीस्तीनी नागरिकों के परिवार के सदस्य बहुत असुरक्षित है क्योंकि उन्हें सुरक्षा के मद्देनजर बार-बार स्थानांतरित होना पड़ता है।

■ इनमें 19 हजार 453 फिलीस्तीनी नागरिक

गत नौ दिसम्बर तक लगभग 13 लाख आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्ति (आईडीपी) उत्तर और गाजा शहर सहित गाजा पट्टी के 154 यूएनआरडब्ल्यूए आश्रय स्थलों में शरण ले रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार हमास के हमले से इस्राइल स्तब्ध रह गया था। बाद में इस्राइल ने गाजा पट्टी पर पूरी तरह से घेराबंदी की थी और पानी और अन्य खाद्य आपूर्ति बंद कर दी थी, क्योंकि वह भीड़भाड़ वाले फिलिस्तीनी इलाके में बमबारी कर रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि जबालिया शरणार्थी शिविर पर इजरायली हवाई हमलों में कई फिलिस्तीनी मारे गए और घायल हुए।

### गाजा में दो और इस्राइली सैनिक मारे गए

**तेल अवीव (आईएएनएस)।** इस्राइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने मंगलवार को घोषणा की कि पिछले दिन उत्तरी गाजा में भीषण लड़ाई के दौरान दो और सैनिक मारे गए। आईडीएफ ने शहीद हुए सैनिकों का नाम मास्टर सार्जेंट डैनियल याकोव बेन हारोश बताया, जो वेस्ट बैंक बस्ती अलोन के पैराट्रूपर्स ब्रिगेड की रिजर्व कमांडो यूनिट के एक सैनिक थे और कैप्टन रोटेम योसेफ कॉम्बैट इंजीनियरिंग कॉर्प्स याहलोम यूनिट के डिप्टी कमांडर थे। नई मौतों से गाजा के जमीनी हमले में मारे गए इस्राइली सैनिकों की कुल संख्या 131 हो गई है। इस्राइल ने 27 अक्टूबर को हमास-नियंत्रित क्षेत्र में अपना जमीनी आक्रमण शुरू किया।

# बंधकों की रिहाई पर वार्ता रुकी

■ तेल अवीव (आईएएनएस)।

कतर और मिस्र द्वारा शुरू की गई इस्राइल और हमास के बीच मध्यस्थता वार्ता में रुकावट आ गई है। दोनों युद्धरत पक्षों ने एक-दूसरे द्वारा रखी गई मांगों पर सहमत होने से इनकार कर दिया है। मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया की सोमवार को वारसॉ में सीआईए निदेशक विलियम बर्न्स और कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात के बाद भी बातचीत आगे नहीं बढ़ी है।

■ इस्राइल और हमास ने एक-दूसरे द्वारा रखी गई मांगों पर सहमत होने से किया इनकार

इस्राइली सरकार के सूत्रों ने बताया कि आतंकवादी समूह ने एक शर्त रखी है कि यहूदी राष्ट्र की सेना पूर्व निर्धारित सीमा पर लौट जाए। रविवार को एक बयान में, हमास ने कहा था कि जब तक इस्राइली सेना गाजा पट्टी में अपने चल रहे जमीनी हमले को बंद नहीं कर देती, तब तक वह किसी भी बंधक को रिहा करने पर वह सहमत नहीं होगा, एक ऐसी शर्त, जिसे इस्राइली रक्षा बल सहमत नहीं हुए। सूत्र के अनुसार, इस्राइल हमास द्वारा कैद से रिहा किए जाने वाले बंधकों को चुनने के विचार के लिए खुला है। 24 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक गाजा में युद्धविराम के दौरान, इस्राइल ने अपने बंधकों को रिहा करने के लिए चुना था।

### बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिका कर रहा बातचीत

**तेल अवीव (एपी)।** केंद्रीय खुफिया एजेंसी प्रमुख विलियम जे. बर्न्स सोमवार को इस्राइल और कतर के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए यूरोप पहुंचे। इस बातचीत में नए संघर्ष विराम और गाजा में बंधकों की रिहाई पर समझौते पर चर्चा होने की उम्मीद है। इससे पहले अमेरिका ने हमास के खिलाफ युद्ध अभियानों को कम करने को लेकर इस्राइली सैन्य अधिकारियों से बातचीत की थी।

इस्राइल के करीबी माने जाने वाले फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी सप्ताहांत में युद्ध विराम लागू करने की वैश्विक मांग में शामिल हो गए। इस्राइली सेना द्वारा गलती से चलाई गई गोलियों में तीन इस्राइली बंधकों की मौत के बाद सभी बंधकों को रिहाई के लिए हमास से नए सिरे से बातचीत को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं।

## मोदी ने इस्राइली पीएम नेतन्याहू से की बात

■ नई दिल्ली (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने इस्राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से बात की और इस दौरान मानवीय सहायता और बातचीत व कूटनीति के जरिए इस्राइल-हमास संघर्ष के समाधान की जरूरत दोहराई।





प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री से टेलीफोन पर बात की और उन्हें इस्राइल-हमास संघर्ष में हाल के घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने समुद्री यातायात की सुरक्षा के संबंध में चिंताओं को साझा किया। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री ने प्रभावित आबादी के लिए मानवीय सहायता जारी रखने की आवश्यकता को दोहराया और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से सभी बंधकों की रिहाई सहित संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई। बाद में मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ चल रहे इस्राइल-हमास संघर्ष पर विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ जिसमें समुद्री यातायात की सुरक्षा पर साझा चिंताएं भी शामिल थीं।

उन्होंने कहा, प्रभावितों के लिए निरंतर मानवीय सहायता के साथ क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के पक्ष में भारत के निरंतर रुख पर प्रकाश डाला। हमास की ओर से सात अक्टूबर को इस्राइल पर किए गए भीषण हमले के बाद से इस्राइल ने जवाबी हमले शुरू किए, जिसमें अब तक करीब 20,000 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है जबकि लगभग 19 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइल ने मंगलवार को दक्षिणी गाजा को निशाना बनाते हुए हमले किए, जिसमें 28 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। साथ ही इस्राइल ने गाजा के उत्तरी हिस्से में एकमात्र संचालित अस्पताल पर भी छापेमारी की।

## बांग्लादेश : अज्ञात लोगों ने ट्रेन को आग लगाई, चार मरे

■ ढाका (भाषा)।

बांग्लादेश में अगले साल सात जनवरी को होने वाले चुनाव को लेकर जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच अज्ञात लोगों ने मंगलवार को राजधानी ढाका में यात्री ट्रेन में आग लगा दी, जिससे एक महिला और उसके नाबालिग बेटे समेत लोगों की मौत हो गई।



■ विपक्षी पार्टी की ओर से आहूत देशव्यापी हड़ताल के दौरान हिंसक घटनाएं

यह हमला देश की मुख्य विपक्षी 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' (बीएनपी) द्वारा चुनावों का बहिष्कार करने और चुनाव आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के खिलाफ औपचारिक विरोध शुरू करने के लिए चल रहे अभियान के तहत बुलाए गए राष्ट्रव्यापी बंद के दौरान हुआ। पिछले कुछ महीनों में ट्रेन में आगजनी की यह पांचवी घटना है। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राजधानी के प्रवेश बिंदु पर हवाईअड्डा रेलवे स्टेशन से, ढाका जाने वाली अंतर-जिला मोहनगंज एक्सप्रेस खुलने के तुरंत बाद उपद्रवियों ने सुबह ट्रेन के तीन डिब्बों में आग लगा दी। तेजगांव पुलिस थाने के प्रभारी मोहम्मद मोहसिन ने कहा, 'हवाईअड्डा स्टेशन से ट्रेन खुलने के बाद यात्रियों ने आग देखी, जिसके बाद इसे अगले पड़ाव तेजगांव स्टेशन पर रोक दिया गया।'

# एफटीए समझौते पर सावधानीपूर्वक विचार करने की जरूरत : जयशंकर

■ नई दिल्ली (भाषा)।

विदेशमंत्री एस जयशंकर ने ब्रिटेन के साथ प्रस्तावित 'मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए)' को अंतिम रूप देने में देरी के लिए भारत की आलोचना पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा, ऐसे समझौतों के लिए सावधानीपूर्वक विचार करने की जरूरत होती है क्योंकि ऐसे समझौते लोगों की आजीविका को प्रभावित कर सकते हैं।

उन्होंने सोमवार को कहा, बार-बार इस तरह की बातें सुनने को मिल रही हैं- भारत ब्रिटेन के साथ एफटीए पर जल्दी हस्ताक्षर क्यों नहीं कर रहा है? कोई यह नहीं कहता कि ब्रिटेन भारत के साथ जल्दी से हस्ताक्षर क्यों नहीं कर रहा है? तो कहीं न कहीं, हमें सामंजस्य बनाना ही होगा। विदेशमंत्री एक पुस्तक विमोचन समारोह में बोल रहे थे। भारत और ब्रिटेन एक महत्वाकांक्षी एफटीए को अंतिम रूप देने के लिए लगातार संवाद कर रहे हैं।

बताया जाता है कि दोनों पक्षों ने एफटीए की 26 में से 20 शर्तों को अंतिम रूप दे दिया है और अब वे कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क रियायतों सहित कई मुद्दों पर मतभेदों को दूर करने में जुटे हुए हैं। दोनों पक्षों ने पिछले साल अप्रैल में 'मुक्त व्यापार समझौते' को पूरा करने के लिए दिवाली की समय सीमा तय की थी, लेकिन कुछ मुद्दों पर मतभेदों के साथ-साथ ब्रिटेन में राजनीतिक घटनाक्रम के कारण समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका।



■ कहा, ऐसे समझौतों के लिए सावधानीपूर्वक विचार करने की जरूरत होती है क्योंकि ऐसे समझौते लोगों की आजीविका को प्रभावित कर सकते हैं

विदेशमंत्री जयशंकर ने कहा, हम अभी कई प्रमुख साझेदारों के साथ कुछ गंभीर बातचीत करने में लगे हैं...मुझे लगातार ऐसा सुनने को मिल रहा है, भारत ब्रिटेन के साथ जल्दी से समझौता क्यों नहीं कर रहा है? कोई यह नहीं कहता कि ब्रिटेन जल्दी से भारत के साथ समझौता क्यों नहीं कर रहा? तो कहीं न कहीं, हमें सामंजस्य बनाना ही होगा। हम ऐसे लोगों में से नहीं जो अपने कदम पीछे खींच लें और हमें इसमें तेजी लानी चाहिए क्योंकि हर एफटीए और हर कदम अपने आप में एक उपलब्धि है।

विदेशमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, 'एफटीए जरूरी हैं' लेकिन साथ ही विभिन्न प्रावधानों की सावधानीपूर्वक समीक्षा की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। जयशंकर ने कहा, वह एफटीए की खूबियों और जोखिमों पर बेहद विवेकपूर्ण तरीके से विचार करना चाहते हैं, क्योंकि भारत जैसे देश के लिए कोई भी निर्णय लाखों लोगों को प्रभावित कर सकता है और यह उनकी आजीविका का मामला हो सकता है।

# वैश्विक वृद्धि में 16 फीसद से ज्यादा योगदान दे सकता है भारत

## ■ अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने जताया है इसका अनुमान ■ कहा, मजबूत वृद्धि से बढ़ते हुए पेश कर रहा है मिसाल

**वाशिंगटन (भाषा)।**

डिजिटलीकरण और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आर्थिक सुधारों के दम पर मजबूत वृद्धि दर से आगे बढ़ते हुए भारत एक मिसाल पेश कर रहा है और वैश्विक वृद्धि में उसका योगदान 16 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान है। आईएमएफ की एक अधिकारी ने यह बात कही।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में 'मिशन ऑफ इंडिया' से जुड़ी नाडा चौएरी ने एक साक्षात्कार में कहा, 'पिछले कुछ समय से हम देख रहे हैं कि भारत बहुत मजबूत दर से वृद्धि कर रहा है। आप समकक्ष देशों को देखें और वास्तविक वृद्धि की बात करें, तो यह एक मिसाल पेश कर रहा है। यह सबसे तेजी से बढ़ते बड़े उभरते बाजारों में से एक है। हमारे मौजूदा अनुमानों के अनुसार, इस वर्ष वैश्विक वृद्धि में इसका योगदान 16 प्रतिशत से अधिक रहेगा।'

■ आईएमएफ में 'मिशन ऑफ इंडिया' से जुड़ी नाडा चौएरी ने कहा, 'हम देख रहे हैं कि भारत बहुत मजबूत दर से वृद्धि कर रहा है'

आईएमएफ ने सोमवार को भारत के साथ अपना वार्षिक परामर्श जारी किया। इसके अनुसार, दक्षिण एशियाई देश विवेकपूर्ण व्यापक आर्थिक नीतियों के आधार पर इस साल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है। चौएरी ने कहा कि फिर भी अर्थव्यवस्था को वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें खंडित दुनिया में वैश्विक वृद्धि में मंदी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे में निवेश करने और वृद्धि के लिए ठोस आधार के वास्ते आवश्यक हर तरह की सुविधाएं विकसित करने के उद्देश्य पर सरकार की ओर से काफी जोर दिया जा रहा है।

चौएरी ने कहा कि भारत की जनसंख्या काफी अधिक है और उसमें युवा खासी संख्या में हैं, इसलिए यदि संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से इस क्षमता का इस्तेमाल किया जाता है तो इसमें, मजबूत दर से बढ़ने की क्षमता है। भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक वृद्धि का एक महत्वपूर्ण चालक बनने के लिए वैश्विक महामारी के बाद मजबूती से उभरी है।

# प्रति व्यक्ति आय बढ़ाना जरूरी

## ■ तीसरी बड़ी इकोनामी बनने के लिए ऐसा करना बेहद जरूरी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

बंधन बैंक के प्रबंध निदेशक चंद्र शेखर घोष ने मंगलवार को कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने की जरूरत है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की प्रति व्यक्ति आय 2022-23 में 98,374 रुपये थी।

प्रति व्यक्ति आय, शिक्षा एवं स्वास्थ्य मापदंडों सहित मानव विकास सूचकांक के मामले में भारत विश्व स्तर पर 130वें स्थान पर है। घोष ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने या 5000 अरब अमेरिकी डालर का आकार हासिल करने के लिए प्रति व्यक्ति आय बढ़ानी होगी।

■ वर्ष 2022-23 में 98374 रुपये थी प्रति व्यक्ति आय
■ प्रति व्यक्ति आय व मानव सूचकांक में 130वें स्थान पर है इंडियन इकोनामी
■ आय बढ़ने से लोगों की खर्च करने की क्षमता भी बढ़ेगी
■ इससे 5000 अरब डालर की इकोनामी बनने का लक्ष्य होगा आसान

उन्होंने कहा, 'हमें प्रति व्यक्ति आय में सुधार पर ध्यान देने की जरूरत है ताकि लोगों की आय अधिक हो और इससे खर्च करने की क्षमता बढ़ेगा। इसलिए सबसे अधिक ध्यान इसी पर देना चाहिए।' घोष ने कहा कि वित्तीय समावेशन और संस्थागत ऋण तक पहुंच प्रति व्यक्ति आय के सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गौरतलब है कि सरकार ने इस दिशा में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित कई पहल की हैं।




## संक्षिप्त खबरें

### सोनेट की प्री-बुकिंग शुरू



नई दिल्ली। प्रीमियम कार निर्माता किआ ने 19-20 दिसम्बर की मध्य रात्रि से नई सोनेट के लिए बुकिंग शुरू करने की घोषणा की हैं। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि काम्पैक्ट एसयूवी सोनेट की बुकिंग के लिए प्रतीक्षा कतार से बचने के लिए 'के-कोड' प्राथमिकता बुकिंग पहल को भी फिर से शुरू किया गया है। ग्राहक किसी भी मौजूदा किआ ग्राहक से के-कोड का लाभ उठा सकते हैं, जिसका उपयोग किआ इंडिया वेबसाइट और मायकिआ ऐप के माध्यम से बुकिंग के लिए किया जा सकता हैं और यह केवल 20 दिसम्बर, 2023 के लिए वैध है। नई सोनेट की डिलीवरी जनवरी 2024 में शुरू होगी। डीजल एमटी वेरिएंट की डिलीवरी फरवरी 2024 में शुरू होगी।

### अधिग्रहण करेगी जिंदल

नई दिल्ली। जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने मंगलवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने परिसमापन प्रक्रिया से गुजर रही रबीरुन विनिमय प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। जेएसएल ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि इस अधिग्रहण पर 96 करोड़ रुपये की लागत आने वाली है। दिवालिया कंपनी के आधिकारिक परिसमापक से बिक्री प्रमाण पत्र मिलने के साथ ही यह अधिग्रहण पूरा हो जाएगा। इस अधिग्रहण के चालू वित्त वर्ष में पूरा होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा, 'निदेशक मंडल ने ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता, 2016 के अनुरूप परिसमापन के तहत रखी गई कंपनी रबीरुन विनिमय प्राइवेट लिमिटेड (आरवीपीएल) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण को अपनी सहमति दे दी।'

### विलय पर सहमति नहीं

नई दिल्ली। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने मंगलवार को कहा कि वह अभी तक ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जेडईईएल) के विलय के अनुरोध की समय सीमा बढ़ाने पर सहमत नहीं हुआ है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) ने एक बयान में कहा कि वह जेडईईएल की अन्य महत्वपूर्ण समापन शर्तों को पूरा करने की योजना जानने को इच्छुक हैं। बयान में कहा गया, जी के 17 दिसम्बर को बाम्बे स्टाक एक्सचेंज और नेशनल स्टाक एक्सचेंज आफ इंडिया को भेजे नोटिस में विलय की समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया गया। विलय की समय सीमा बढाने का अनुरोध इस बात को दर्शाता है कि वे एसपीएनआई/जी का विलय 21 दिसम्बर 2023 की समय सीमा तक पूरा नहीं कर पाएंगे।

### पूनावाला हाउसिंग का नाम अब गृहम हाउसिंग हुआ

गाजियाबाद। कंपनी के स्वामित्व में परिवर्तन के बाद पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में पुनः ब्रांडित किया गया है। ग्लोबल प्राइवेट इक्विटी फर्म टीपीजी ने इस साल पूनावाला फिनकॉर्प से कंपनी में 99.02% इक्विटी हिस्सा अधिग्रहण कर लिया है। नाम परिवर्तन के लिए सभी आवश्यक नियामक स्वीकृतियां प्राप्त कर ली हैं। गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और प्रमुख कार्यकारी अधिकारी मनीष जयसवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गृहम, 'गृह' (घर) और 'हम' (एकता) का मिश्रण है। अगले तीन वर्षों में इसके एसेट अंडर मैनेजमेंट और कर पश्चात लाभ को दोगुना होने की उम्मीद है।

# बैंकों के लिए वैकल्पिक निवेश कोष में निवेश के नियम सख्त

**नई दिल्ली (भाषा)।**

आरबीआई ने वैकल्पिक निवेश कोष के जरिए पुराने ऋण को लौटाने के लिए नया कर्ज लेने की व्यवस्था (एवरग्रिनिंग) पर लगाम लगाने को लेकर कदम उठाया है। इसके तहत बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) उस वैकल्पिक निवेश कोष की किसी भी योजना में निवेश नहीं कर सकतीं, जिसने वित्तीय संस्थान से पिछले 12 महीनों में कर्ज लेने वाले कर्जदाताओं की कंपनी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निवेश कर रखा है। बैंक और एनबीएफसी अपने नियमित निवेश गतिविधियों के तहत एआईएफ की इकाइयों में निवेश करती है।

उद्यम पूंजी कोष, बुनियादी ढांचा कोष, निजी इक्विटी फंड, एंजल फंड समेत अन्य वैकल्पिक निवेश कोष के अंतर्गत आते हैं। आरबीआई ने एक परिपत्र में कहा कि बैंक और एनबीएफसी के कुछ लेन-देन में एआईएफ शामिल है। इससे नियामकीय स्तर पर चिंता सामने आई है। इसमें कहा गया है कि इन लेनदेन में एआईएफ की इकाइयों में निवेश के माध्यम से अप्रत्यक्ष कर्ज के साथ ऋण लेने वालों को विनियमित इकाइयों (बैंक और एनबीएफसी) के प्रत्यक्ष ऋण जोखिम का प्रतिस्थापन जुड़ा है। रिजर्व बैंक ने कहा कि इसके माध्यम से एआईएफ के जरिये पुराने कर्ज को लौटाने के लिए नई कर्ज की व्यवस्था पर रोक लगाने के लिए कदम उठाये है।

# बैंकों में बिना दावे वाली जमाराशि 28% तक बढ़ी

## ■ बीते वित्त वर्ष में बढ़ कर 42270 करोड़ रुपए पर पहुंची

**नई दिल्ली (भाषा)।**




मार्च, 2023 तक बैंकों के पास बगैर दावे वाली जमा राशि 28 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 42,270 करोड़ रुपये हो गई है। यह जानकारी मंगलवार को संसद को दी गई।

वित्त वर्ष 2021-2022 में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों में 32,934 करोड़ रुपये बगैर दावे वाले जमा धन की तुलना में मार्च, 2023 के अंत में यह राशि 28 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 42,272 करोड़ रुपये हो गई।

मार्च, 2023 के अंत तक 36,185 करोड़ रुपये की बगैर दावे वाली जमा राशि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास थी, जबकि 6,087 करोड़ रुपये निजी क्षेत्र के बैंकों के पास थे। बैंक 10 या अधिक वर्षों से अपने खातों में पड़ी खाताधारकों की बगैर दावे वाली जमा राशि को रिजर्व बैंक के जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता (डीईए) कोष में भेज देते है।

वित्त राज्यमंत्री भागवत के कराड ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि रिजर्व बैंक ने बगैर दावे वाली जमा राशि की मात्रा को कम करने और सही दावेदारों को ऐसी जमा राशि वापस करने के लिए कई कदम उठाए है।

# लीड्स रैंकिंग में शीर्ष पर बना रहा तमिलनाडु

**चेन्नई (भाषा)।**

तमिलनाडु सरकार ने मंगलवार को कहा कि हाल ही में जारी विभिन्न राज्यों में बेहतर लॉजिस्टिक व्यवस्था 2023 की रैंकिंग (लीड्स) में तमिलनाडु ने 'अचीवर' का दर्जा बरकरार रखा है।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने 2018 में शुरू की गई 'लीड्स' (लॉजिस्टिक्स एज एक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स 2023 रैंकिंग) पहल राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लॉजिस्टिक के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए एक मानक व्यवस्था के रूप में कार्य करती है। सरकार ने बयान में कहा कि तमिलनाडु लीड्स 2023 रैंकिंग में शीर्ष प्रदर्शन करने वाला प्रदेश बना हुआ है। इसके साथ उसने 'तटीय समूह' के भीतर अपनी 'अचीवर' स्थिति बरकरार रखी है।




### पेक्राफ्ट का नया कार्ड

**नई दिल्ली (भाषा)।**

आनलाइन और आफलाइन भुगतान संबंधी वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) इकाई पेक्राफ्ट ने एनएसडीएल पेमेंट्स बैंक और नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन आफ इंडिया (एनपीसीआई) के साथ साझेदारी में वन नेशन कारपोरेट कार्ड पेश किया है।

मुंबई स्थित कंपनी ने कहा कि पारगमन जारी करने और प्रसंस्करण क्षमता के साथ स्वदेशी रूप से विकसित मल्टी-वालेट मंच पर बनाया गया कार्ड कारपोरेट कर्मचारियों को कर के संबंध में फायदा पहुंचाने का काम करेगा।

यह कार्ड नियोक्ता के लिए अपने खर्चों को डिजिटल रूप से प्रबंधित करने के लिए एक कॉरपोरेट व्यय प्रबंधन मंच के भी प्रदान करता है।

# अगले वर्ष 10% बढ़ेगा शेयर बाजार

## ■ निफ्टी में भी दस फीसद वृद्धि होगी ■ निफ्टी ने साल में दिया 17% रिटर्न

**मुंबई (भाषा)।**

भारतीय शेयर बाजार 2024 में 10 प्रतिशत तक बढ़ेगा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने मंगलवार को यह अनुमान जताया। घरेलू ब्रोकरेज कंपनी के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि 2024 के अंत में निफ्टी के भी मौजूदा स्तर से 8-10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक मंगलवार को 21,453 अंक पर बंद हुआ, जो पिछले एक साल में 17 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धीरज रेली ने कहा कि आम चुनाव के नतीजों का बाजार पर सीमित असर होगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रभावशाली जीत के बाद निवेशकों ने केंद्र में भी भाजपा के बने रहने का अनुमान लगाते हुए मूल्य निर्धारण शुरू कर दिया है।




उन्होंने आम चुनाव से परे बाजार की गतिविधियों को देखने का आग्रह किया और कहा कि 2024 की दूसरी छमाही में मुद्रास्फीति के नरम पड़ने और आरबीआई के दर घटाने की उम्मीद की जानी चाहिए।

ब्रोकरेज कंपनी ने अनुमान जताया कि नए साल की दूसरी छमाही में मुद्रास्फीति घटकर 2.5 प्रतिशत से नीचे आ जाएगी, जिससे केंद्रीय बैंक अपना रुख बदलेगा और दरों में आधा प्रतिशत की कटौती करेगा।

# 5000 करोड़ रहेगा विमानन उद्योग का घाटा

**मुंबई (भाषा)।**

भारतीय एयरलाइन उद्योग का चालू वित्त वर्ष में शुद्ध घाटा पिछले साल के 17,000-17,500 करोड़ रुपये से घटकर 3,000-5,000 करोड़ रुपये रहने की उम्मीद है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह अनुमान जताया।




इक्रा रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यात्रियों की संख्या में वृद्धि, बेहतर प्रतिफल और स्थिर लागत परिदृश्य ने भारतीय एयरलाइंस के लिए हालात को काफी हद तक अनुकूल बनाया है। इसके दम पर विमानन कंपनियों को अपना शुद्ध घाटा काफी हद तक कम करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही इक्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 और अगले वित्त वर्ष में घरेलू हवाई यात्री यातायात आठ से 13 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है।

रेटिंग एजेंसी के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 में आए तीव्र सुधार के बाद चालू वित्त वर्ष में घरेलू हवाई यात्री यातायात 15-15.5 करोड़ तक पहुंच जाएगा। इसके पहले वित्त वर्ष 2019-20 में यह संख्या 14.12 करोड़ रही थी। इक्रा के उपाध्यक्ष और कॉरपोरेटिंग रेटिंग प्रमुख सुप्रियो बनर्जी ने कहा कि विमानन उद्योग का शुद्ध घाटा वित्त वर्ष 2022-24 में घटकर 30-50 अरब रुपये हो जाएगा जो पिछले वित्त वर्ष में 17-17.5 अरब रुपये रहने का अनुमान है। अगले वित्त वर्ष में भी तेजी का सिलसिला बने रहने की उम्मीद है।

### मोटे अनाज को बढ़ावा दे रहा वालमार्ट फाउंडेशन

**नई दिल्ली (वि)।** इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स 2023 के मौके पर वालमार्ट फाउंडेशन ने अपने अनुदान प्राप्तकर्ताओं एएसए- एक्शन फॉर सोशल एडवांसमेंट, इक्रिसैट, प्रदान और सृजन के प्रयासों को रेखांकित किया है। ये अनुदान प्राप्तकर्ता भारत में मिलेट की उपज को बढ़ावा देने के लिए पहल कर रहे है। वालमार्ट फाउंडेशन की फंडिंग के सहयोग से 2021 से ये अनुदान प्राप्तकर्ता मिलेट उत्पादक राज्यों झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में स्थानीय किसानों और एफपीओ के साथ काम कर रहे है। सृजन द्वारा प्रमोट की गई एफपीसी (फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी) ने मध्य प्रदेश के अनुपुर जिले में 2,500 किसानों के जीवन में बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# जलवायु लक्ष्य पाने को ऊर्जा सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा भारत

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारत केवल जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने के लिए ऊर्जा सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ ऊर्जा बदलाव पर भारत के ध्यान केंद्रित करने के बीच इस बयान के काफी मायने हैं।




इस साल सितम्बर में भारत की बिजली मांग 243.27 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। भारत ने करीब 426 गीगावाट की बिजली उत्पादन क्षमता स्थापित की है। इसमें 213 गीगावाट से अधिक का उत्पादन कोयला तथा लिग्नाइट से किया जाता है। ऊर्जा मंत्रालय के विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार आशीष उपाध्याय ने सीआईआई साउथ एशिया पावर समिट में कहा, 'हम ऊर्जा सुरक्षा के साथ केवल इसलिए समझौता नहीं कर सकते क्योंकि हमें जलवायु लक्ष्य हासिल करना है।' भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारत के अलावा भूटान, बांग्लादेश और नेपाल भी हिस्सा ले रहे हैं।

उन्होंने कहा, "हमारे पास ताप (कोयला आधारित) बिजली का विशाल भंडार है। निश्चित रूप से उन सभी के प्रति उचित सम्मान के साथ जो जलवायु परिवर्तन संरक्षण तथा शुद्ध शून्य उत्सर्जन के बारे में बात कर रहे हैं। हम उसके लिए सर्वोच्च सम्मान रखते हैं और इसके लिए काफी काम कर रहे हैं। हालांकि, हमारे लिए ऊर्जा सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है।' उपाध्याय ने कहा कि इस साल देश में 240 गीगावाट से अधिक की रिकॉर्ड बिजली की मांग देखी गई और अब अगर हम भविष्य की ओर देखें तो (बिजली उत्पादन) क्षमताओं की बेहद जरूरत है।

उन्होंने चारों देशों के बीच सहयोग पर कहा कि इन देशों के लोगों की आकांक्षाओं में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है। चारों देशों ने आठ प्रतिशत तक की उच्च आर्थिक वृद्धि दर का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, 'हम बढी हुई मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं क्योंकि हमारे पास सामान्य ग्रिड है जो किसी भी मात्रा में ऊर्जा को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरित कर सकता है।'

# स्पाइसजेट की नजर दिवालिया गोफर्स्ट पर

## ■ इसके अधिग्रहण की योजना बना रही स्पाइसजेट, जल्द पेश कर सकती है प्रस्ताव

**नई दिल्ली (भाषा)।**

एयरलाइन स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि उसने गो फर्स्ट का अधिग्रहण करने में रुचि व्यक्त की है और दिवालिया विमानन कंपनी की उचित जांच-पड़ताल के बाद प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही है।

गो फर्स्ट ने 'प्रैट एंड व्हिटनी इंजन' समस्याओं के कारण उत्पन्न वित्तीय संकट के बीच तीन मई से उड़ान सेवाएं बंद कर दी थी। कंपनी अभी दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। स्पाइसजेट ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि उसने गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर के समक्ष रुचि व्यक्त की है।




संभावित संयोजन के जरिए एक मजबूत तथा व्यवहार्य एयरलाइन बनाने की दृष्टि से जांच-पड़ताल करने के बाद वह एक प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहती है।

कंपनी ने साथ ही बताया कि उसके निदेशक मंडल ने अपनी वित्त स्थिति को मजबूत करने और विकास योजनाओं में निवेश के लिए संसाधन उपलब्ध कराने के मकसद से करीब 27 करोड़ अमेरिकी डालर की नई पूंजी जुटाने की प्रक्रिया को हाल ही में मंजूरी दे दी है।

## 22 मार्च से शुरू हो सकता है आईपीएल, मई में फाइनल




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन की नीलामी 19 दिसंबर को दुबई में हुई। इस बीच खबर यह है कि आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से हो सकती है। भारत की इस प्रतिष्ठित लीग के लिए लगभग 2 महीने की विंडो मिलती है। रिपोर्ट के मुताबिक आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला मई 2024 के आखिर में हो सकता है। हालांकि इस पर अब तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।

### लोकसभा चुनाव को देखते हुए बनेगा शेड्यूल

गौरतलब है कि अगले साल भारत में लोकसभा चुनाव होने हैं और इसको ध्यान में रखते हुए मार्च 2024 के आखिरी सप्ताह में लीग के अगले चरण की शुरुआत होने की संभावना है। गौरतलब हो कि आईपीएल 2023 की शुरुआत 31 मार्च को हुई थी और इसका खिताबी मुकाबला 29 मई को खेला गया था। महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चेन्नई सुपरकिंग्स ने खिताब पर कब्जा जमाया था।

### पहले भी लोकसभा चुनाव के बीच हुआ आईपीएल

बता दें कि इससे पहले भी बोर्ड के सामने ऐसी स्थिति आ चुकी है, जिसमें लोकसभा चुनाव के दौरान लीग का आयोजन कराया गया था। आईपीएल के कार्यक्रम के दौरान साल 2009, 2014 और 2019 में आम चुनाव हुए थे। टूर्नामेंट को दूसरे संस्करण के लिए पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका में स्थानांतरित कर दिया गया था। 7वें संस्करण के पहले भाग की मेजबानी भारत में की गई थी और शेष मैच संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किए गए थे।

# हर्षल अब तक के सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी पंजाब किंग्स ने 11 करोड़ 75 लाख में खरीदा




एजेंसी ▶▶ दुबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के खिलाड़ियों की नीलामी मंगलवार को दुबई के कोका कोला एरेना में हुई। इस बोली में हालांकि कई खिलाड़ियों पर जमकर धनवर्षा हुई वहीं हर्षल पटेल अब तक के सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी हैं जिनके लिए पंजाब किंग्स ने 11 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च किए।

पूरे आईपीएल में अगर महंगे खिलाड़ियों की बात की जाए तो ऑस्ट्रेलियाई के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को केकेआर ने 24 करोड़ 75 लाख में, कप्तान पैट कमिंस 20 करोड़ 50 लाख में हैदराबाद ने अपनी झोली में डाला। डैरिल मिचेल के लिए भी चेन्नई सुपर किंग्स ने 14 करोड़ रुपए खर्च किए। इस टीम ने रचिन रवींद्र और शार्दुल ठाकुर को भी अपने साथ जोड़ा।



### पहले सेट में पॉवेल सबसे महंगे



पहले सेट के खिलाड़ियों में वेस्टइंडीज के रोवमैन पॉवेल सबसे महंगे रहे जिन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 7.4 करोड़ रुपए में खरीदा। हैरी बूक चार करोड़ रुपए में दिल्ली कैपिटल्स में शामिल हुए वहीं सनराइजर्स हैदराबाद ने 6.8 करोड़ रुपए में ट्रैविस हेड को खरीदा।

### फ्रेंचाइजियों ने खेला इन पर दांव

| खिलाड़ी | रकम | टीम |
|---|---|---|
| अल्जारी जोसेफ | 11.50 करोड़ | बैंगलोर |
| दिलशान मधुशंका | 4.6 करोड़ | मुंबई इंडियंस |
| शिवम मावी | 6.40 करोड़ | लखनऊ |
| चेतन सकारिया | 50 लाख रुपए | केकेआर |
| उमेश यादव | 5.80 करोड़ | गुजरात टाइटंस |
| जयदेव उनादकट | 1.6 करोड़ | हैदराबाद |
| दिलशान मदुशंका को | 4.60 करोड़ | हैदराबाद |
| चेतन सकारिया | 50 लाख | केकेआर |
| के.एस. भरत | 50 लाख | केकेआर |
| ट्रिस्टन स्टब्स | 50 लाख | दिल्ली कैपिटल्स |
| गेराल्ड कोएत्जी | 5 करोड़ | मुंबई इंडियंस |
| पैट कमिंस | 20.5 करोड़ | हैदराबाद |
| वानिंदु हसरंगा | 1.5 करोड़ - | हैदराबाद |
| डेरिल मिचेल | 14 करोड़ | चेन्नई सुपर किंग्स |
| मिचेल स्टार्क | 24.75 करोड़ | कोलकाता |
| अजमतुल्लाह उमरजई | 50 लाख | गुजरात टाइटंस |
| हर्षल पटेल | 11.75 करोड़ | पंजाब किंग्स |
| रचिन रवींद्र | 1.80 करोड़ | चेन्नई सुपर किंग्स |
| शार्दुल ठाकुर | 4 करोड़ | चेन्नई सुपर किंग्स |
| क्रिस वोक्स | 4.20 करोड़ | पंजाब किंग्स |

## खबर संक्षेप



### हार्दिक और सविता ने जीते एफआईएच पुरस्कार

**लुसाने।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह और महिला टीम की कप्तान सविता को मंगलवार को एफआईएच के सालाना पुरस्कार में साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और साल की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर चुना गया। देश के लिए 114 मैच खेल चुके हार्दिक को भारतीय हॉकी का भविष्य माना जाता है। वह तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के अहम सदस्य थे। हार्दिक का यह साल का दूसरा बड़ा पुरस्कार है। सविता ने लगातार तीसरी बार इस खिताब को अपने नाम किया है। नीदरलैंड के गोलकीपर पिरमिन ब्लैक को पुरुषों के वर्ग में साल का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। टेरसा लीमा (स्पेन) और गैसपार्ड जेवियर (फ्रांस) क्रमश: महिला और पुरुष वर्ग में साल के सर्वश्रेष्ठ उभरते हुए खिलाड़ी चुने गये।

### भारत-इंग्लैंड के मैच से सीख लेगी ऑस्ट्रेलिया : ताहलिया

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की उप कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम भारत और इंग्लैंड के बीच पिछले सप्ताह खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच से सीख लेकर गुरुवार से यहां शुरू होने वाले टेस्ट मैच में खेलने के लिए उतरेगी।



ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत के खिलाफ सभी प्रारूप के अपने दौरे की शुरुआत 21 से 24 दिसंबर तक होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से करेगी। इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। मैकग्रा ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय गेंदबाज हावी रहे और उन्होंने उसकी टीम को दोनों पारियों में 136 और 131 रन पर आउट कर दिया था।

### क्रिकेट : भारतीय टीम में 46.2 ओवर में बनाए थे 211 रन

# दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे वनडे में भारत को 8 विकेट से हराकर सीरीज में की बराबरी

▶▶ गक्वेबरा

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे में भारतीय क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी की है। सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम पर खेले गए मैच में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.2 ओवर में 211 रन पर सिमट गई। जवाब में प्रोटियाज टीम ने टोनी डी जोरजी की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत 43वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के बल्लेबाज टोनी डी जोरजी ने भारतीय गेंदबाजों को आड़े हाथों लिया और 109 गेंदों में शतक जड़कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।

### दक्षिण अफ्रीका ने दर्ज की आसान जीत

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 46 रन तक अपने 2 विकेट खो दिए। शुरुआती झटकों के बाद साई सुदर्शन (62) और केएल राहुल (56) ने अर्धशतक लगाए। इनके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया और टीम बड़ा स्कोर




नहीं बना सकी। जवाब में रीजा हेंड्रिक्स (52) और जोरजी ने पहले विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरुआत दिलाई। बचा हुआ काम जोरजी और वैन डर डुसेन (36) ने पूरा किया।

### पहले दो वनडे में फिफ्टी जड़ने वाले दूसरे भारतीय बने सुदर्शन

अपना दूसरा ही वनडे खेल रहे सुदर्शन ने 83 गेंदों पर 62 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 7 चौके और 1 छक्का भी लगाया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सीरीज के पहले वनडे में भी अर्धशतक लगाया था। ऐसे में वह अपने पहले 2 वनडे मैचों में अर्धशतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने करियर के पहले 2 वनडे में अर्धशतक लगाए थे।

### राहुल ने पूरे किए 1,000 वनडे रन

केएल राहुल ने 64 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 56 रन की पारी खेली। मुकाबले में 21 रन बनाते ही राहुल के इस साल वनडे में 1,000 रन पूरे हुए। वह इस मुकाम को हासिल करने वाले चौथे भारतीय और कुल 8वें बल्लेबाज बन गए।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रुतुराज गायकवाड़ पगबाधा बर्गर | 04 | 02 | 1 | 0 |
| साई सुदर्शन बो विलियम्स | 62 | 83 | 7 | 1 |
| तिलक वर्मा का हेंड्रिक्स बो बर्गर | 10 | 30 | 0 | 0 |
| लोकेश राहुल का मिलर बो बर्गर | 56 | 64 | 7 | 0 |
| संजू सैमसन बो हेंड्रिक्स | 12 | 23 | 1 | 0 |
| रिंकू सिंह स्ट. क्लासेन बो महाराज | 17 | 14 | 2 | 1 |
| अक्षर पटेल बो मार्कराम | 07 | 23 | 0 | 0 |
| कुलदीप का हेंड्रिक्स बो महाराज | 01 | 05 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह का मिलर बो हेंड्रिक्स | 18 | 17 | 1 | 1 |
| आवेश खानरन आउट (मुल्डर) | 09 | 09 | 0 | 1 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 04 | 09 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 11, कुल: 46.2 ओवर में 211/10

गेंदबाजी

बर्गर 10-0-30-3, विलियम्स 9-1-49-1, हेंड्रिक्स 9.2-1-34-2 मुल्डर 4-0-19-0, महाराज 10-0-51-2, मार्कराम 4-0-28-1

| दक्षिण अफ्रीका पारी : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रीजा हेंड्रिक्स का मुकेश बो अर्शदीप | 52 | 81 | 7 | 0 |
| टोनी डी जोरजी नाबाद | 119 | 122 | 9 | 6 |
| वैन डेर डुसेन का सैमसन बो रिंकू | 36 | 51 | 5 | 0 |
| एडेन मार्कराम नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 06, कुल : 42.3 ओवर में 215/2

गेंदबाजी: मुकेश 8-2-46-0, अर्शदीप 8-0-28-1 आवेश 8-0-43-0, अक्षर 6-0-22-0, कुलदीप 8-0-48-0 तिलक 3-0-18-0, रिंकू 1-0-2-1, सुदर्शन 0.3-0-8-0

# पूरी तरह फिट होने में अभी कुछ समय लगेगा : ऋषभ




एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उम्मीद है कि वह अगले कुछ महीनों में पूरी तरह से फिट हो जाएंगे और अगले साल आईपीएल के दौरान प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में बहुप्रतीक्षित वापसी करेंगे। पंत पिछले साल सड़क दुर्घटना में चोटिल हो गए थे जिसके कारण वह वर्ष 2023 में नहीं खेल पाए। पंत की अनुपस्थिति में पिछले सत्र में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई की थी।

### पंत ने इंस्टाग्राम पर जारी किया वीडियो

*दिल्ली कैपिटल्स ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा, "मुझे लगता है कि पिछले कुछ महीनों की तुलना में मैं अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं अब भी शत प्रतिशत फिटनेस हासिल करने की राह पर हूं लेकिन उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में मैं पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा। ऋषभ पंत के सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद प्रशंसकों ने उनके प्रति जो प्यार और स्नेह दिखाया वह इस विकेटकीपर बल्लेबाज के दिल को छू गया जिसका अहसास उन्हें पहली बार हुआ।*

### शारीरिक ही नहीं मानसिक लड़ाई भी

ऋषभ ने कहा जब आप बुरे दौर से गुजर रहे होते हैं या आपके साथ ऐसा कुछ होता है तो यह केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक लड़ाई भी होती है और अगर आपके प्रशंसक आपके प्रति प्यार और स्नेह दिखाते हैं तो यह काफी मायने रखता है और इससे वास्तव में चोट से उबरने में मदद मिली।

# ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद पाक के 2 अंक कटे और जुर्माना भी लगा

एजेंसी ▶▶ पर्थ

पाकिस्तान क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ पर्थ टेस्ट में 360 रन से करारी शिकस्त मिली थी। अब मेहमान टीम के लिए एक और बुरी खबर है। दरअसल, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने स्लो ओवर रेट के चलते पाकिस्तानी टीम के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक काटे हैं। इसके साथ-साथ पाकिस्तानी टीम के खिलाड़ियों पर मैच फीस का जुर्माना भी लगाया गया है।

International Cricket Council

### पाकिस्तान को मिली थी करारी शिकस्त

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में डेविड वार्नर के शतक (164) की मदद से 487 रन बनाए। पाकिस्तान से डेब्यू करने वाले आमेर जमाल ने उम्दा गेंदबाजी (6/111) विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 5 विकेट के नुकसान पर 233 रन पर घोषित की। मेजबान टीम से उस्मान ख्वाजा (90) और मिचेल मार्श (63*) ने अर्धशतक लगाए। जीत के लिए मिले 450 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तानी टीम महज 89 रन पर ही सिमट गई थी।

### आईसीसी ने पाक खिलाड़ियों पर की ये कार्रवाई

आईसीसी ने पाकिस्तानी टीम और सहयोगी स्टाफ पर उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया और साथ में उनके 2 अंक भी काटे। आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, खिलाड़ियों पर प्रत्येक कम ओवर के लिए उनकी मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं शादाब खान

**कराची।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान के न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है क्योंकि अभी वह टखने की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के अनुसार पूर्व कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को पांच मैचों की श्रृंखला से विश्राम देने पर चर्चा चल रही थी, लेकिन राष्ट्रीय चयन समिति ने बाद में अपना मन बदल दिया। सूत्रों ने कहा,"चयन समिति के अध्यक्ष वहाब रियाज और उनके साथियों ने टीम के निदेशक मोहम्मद हफीज और टी20 टीम के नए कप्तान शाहीन शाह अफरीदी से ऑनलाइन चर्चा की।



# अलावेस को हराकर गिरोना स्पेनिश लीग में फिर से शीर्ष पर

**मैड्रिड।** गिरोना ने स्ट्राइकर आर्टेम डोवबीक के दो गोल की मदद से अलावेस को 3-0 से पराजित करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। इस जीत से गिरोना ने रीयाल मैड्रिड को पीछे छोड़ा। उसके 17 मैच में 44 अंक हैं और वह रीयाल मैड्रिड से दो अंक और तीसरे नंबर पर काबिज बार्सिलोना से नौ अंक आगे हो गया है। डोवबीक ने 23वें मिनट में गिरोना की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद उन्होंने 59वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। इस बीच पोर्तू ने मध्यांतर से चार मिनट पहले टीम की तरफ से दूसरा गोल किया था। अलावेस ला लिगा की अंक तालिका में अभी 13वें स्थान पर है।



लोक साहित्य

श्यामा सिंह

# छत्तीसगढ़ी में समाहित देशज और विदेशज शब्द



प्रायः देखा जाता है कि किसी भी बोली और भाषा अपने क्षेत्रीयता तक समाहित नहीं होती, बल्कि अन्य बोली और भाषाओं का प्रभाव समय के अनुसार इनका प्रभाव कहीं न कहीं दिखता ही है। इसी संदर्भ में देखें तो छत्तीसगढ़ी अवधी, बघेली, बुंदेलखंडी, ब्रज और अर्धमाग्धी से विकसित पूर्वी हिन्दी की अन्य शाखाओं के पर्याप्त निकट हैं। साथ ही कई अन्य बोलियों का प्रभाव छत्तीसगढ़ी शब्दों के निकट हैं या पूरी तरह समाहित हो गए हैं, जिसमें भोजपुरी, मगही, मैथिली के समान मोर, हमन, उहां, जोन, कतेक, कोनो एवं वइसन शब्द का प्रयोग होता है, लेकिन कारक-ला, मन, हर, ले इत्यादि के कारण इसका अपना अलग अस्तित्व है। छत्तीसगढ़ी में देशज और विदेशज दोनों प्रकार के शब्द मिलते हैं जैसे-छत्तीसगढ़ी में उर्दू के शब्द फकत(फकत), अकल (अक्ल), असिल (असल), तमासा (तमाशा) तथा अरबी के शब्द बरकत (बरकक्त), सक (शक) फारसी के बेमार (बिमार) और तुर्की के शब्द कलगी, दरोगा, गलीचा, चाकू और अंग्रेजी के शब्द स्कूल(इस्कूल), टैम (टाइम), टेसन (स्टेशन), सिरमिट (सीमेंट) जैसे शब्द मिलते हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ी के देशज शब्द भी है जैसे सुतई (सीपी), मखना (कुम्हड़ा), पताल (टमाटर), टेटका (गिरगिट), गोल्लर (सांड), खरही (ढेर) जैसे शब्द मिलते हैं। जो केवल छत्तीसगढ़ी में ही अपने विशेष अर्थो के साथ प्रयोग होते हैं।

पुस्तक समीक्षा

## रउनिया जड़काला के




कृति के नाव: रउनिया जड़काला के

कृतिकार: चोवाराम वर्मा 'बादल'

प्रकाशक: वैभव प्रकाशन रायपुर

समीक्षक: लाल जी

मूल्य: एक सौ रूपए

जड़काला दिन म रउनिया तापे के अलग मजा हे। ऐ बात अलग हे कि आजकाल के सहरी लइकामन बर ऐ शब्द नवा भले हो सकत हे फेर गांव के मन बर रउनिया शब्द ह उंकर अंतस म बसे हे। जब जड़काला अइस तहाने रउनिया कते मेर आवत हे देख के वोकर जाके मन ल जेन सकून मिलथे वोला बया नी करे जा सके। रूसुम-रूसुम जड़काला के मजा अलगे होथे। इही जड़काला अउ रउनिया ल लेके कृतिकार नंदावत शब्द ल शीर्षक म लाके बने प्रयोग करे हे अपन काव्य संग्रह में। येकरे संग अपन कृति म 56 कविता ल जगा देहे , जेमा जिनगी के रस दिखथे। जइसे ररूहा मर, परघनी, बधाई हे बधाई, गरबा अउ लोगन के साग जइसे कतको कविता ल पढ़े म बड़ मजा आथे। ऊंकर कविता के अंश के एक बानगी देखन-

दबंग दबंग दबंग, चारों खूंट दबंग हे।
चरचर ले चिरागे, काबर पेंठ अब्बड़ तंग हे।
घर दुवार सभा समाज, स्कूल कालेज नइए लाज,
अरात बरात म झपटे बाज, बिना बिधन कहां शुभ काज,
हुड़दंग हुड़दंग सबो जगा हुड़दंग हे...दबंग ....



अगहन माह में (बृहस्पति) गुरूवार को लक्ष्मी जी की पूजा कर नियम पूर्वक कठिन व्रत रखा जाता है। इस व्रत में लक्ष्मी जी के पद चिन्ह मुख्य दरवाजे से पूजन कक्ष तक बनाई जाती है। यह व्रत विवाहित महिलाएं अगहन माह के प्रत्येक गुरुवार को परिवार की सुख समृद्धि की कामना व धन-धान्य से परिपूर्ण रहने के लिए कठोर नियमों का पालन कर रखती हैं। गुरुवार के पहले रात्रि बुधवार घर को साफ कर लक्ष्मी जी के पद चिन्ह बनाए जाते हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है।

# अगहन बृहस्पत में सीता चौक का महत्व

छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में तीज- त्योहारों का विशेष महत्व होता है। अगहन माह में (बृहस्पति) गुरुवार को लक्ष्मी जी की पूजा कर नियम पूर्वक कठिन व्रत रखा जाता है। इस व्रत में लक्ष्मी जी के पद चिन्ह मुख्य दरवाजे से पूजन कक्ष तक बनाई जाती है। यह व्रत विवाहित महिलाएं अगहन माह के प्रत्येक गुरुवार को परिवार की सुख समृद्धि की कामना व धन-धान्य से परिपूर्ण रहने के लिए कठोर नियमों का पालन कर रखती हैं। गुरुवार के पहले रात्रि बुधवार घर को साफ कर लक्ष्मी जी के पद चिन्ह बनाए जाते हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। लक्ष्मी जी के पद चिन्ह को बनाने के लिए चावल आटे के घोल से माता लक्ष्मी का पद चिन्ह पूजा कक्ष व भंडार गृह तक बनाया जाता है। आंगन में सीता चौक बनाया जाता है। सीता चौक में विशेषतः लक्ष्मी पांव, गाय का खुर, शंख, कमल आदि अंकित किया जाता है। रात्रि को ही बर्तन साफ कर रख दिए जाते हैं। बुधवार की रात्रि सोने से पहले पूजा कक्ष व मुख्य दरवाजे के बाहर दीपक जलाया जाता है। प्रथम गुरुवार के दिन पूजा कक्ष में धान का चौक बनाकर उसमें पाटा रखकर आसन बिछाकर माता लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित की जाती है। साथ ही भोग के रूप में रखिया, आंवला की टहनी, नया धान,चावल व मिष्ठान अपनी क्षमतानुसार चढ़ाया जाता हैं। इस स्थल पर कलश स्थापित कर पूजा की जाती है। इस व्रत में महिलाओं को घर में झाड़ू लगाना, पैसे खर्च करना, बाल धोना, नाखून काटना, अन्न बिखराना, सूप का उपयोग करना वर्जित होता है। अंतिम गुरुवार को सभी पूजन सामग्री को तालाब में विसर्जित लक्ष्मी जी में चढ़े सामग्री को घर के लिए उपयोग किया जाता है। मान्यता है कि महालक्ष्मी जी इस व्रत से भक्तों की मनोकामना पूरी कर सुख शांति, समृद्धि धन-धन्य वैभव से परिपूर्ण करती हैं तथा माता लक्ष्मी की कृपा हमेशा परिवार पर बनी रहती है। इस व्रत का नियम कठिन होने के कारण शहरी क्षेत्र में कम ग्रामीण अंचल में अधिक रखते हैं।



परब : डा.श्रीमती ज्योति किरण चंद्राकर

# अनेक विशेषता लिए पउरी दरवाजा



ऐतिहासिक : तपेश जैन



छत्तीसगढ़ का सरगुजा जिला ऐतिहासिक महत्व के स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यहां रामायणकालीन अनेक प्रमाण हुए हैं। इसी तरह अनेक और रहस्य यहां हमें देखने को मिलते हैं जिसमें इस जिले के उदयपुर विकासखंड में रामगढ़ पहाड़ी है, इस पहाड़ी की अनेक विशेषताएं आज भी ऐतिहासिक तथ्यों को समय-समय उजागर करते रहती हैं। यह स्थान समतल भू-भाग से 308 मीटर की ऊंचाई तक उत्तर से दक्षिण तक सीधी चट्टान के रूप में दर्शित है। इस मुख्य पहाड़ी के मार्ग पर एक जीर्ण-शीर्ण द्वार है जिसमें दो प्रस्तर स्तंभों को कई पत्थरों के टुकड़ों से जोड़कर बनाया गया है। इसमें भीतर जाते समय प्रवेश स्थल को पउरी दरवाजा या पउरी दुवारी कहा जाता है। पथ के दूसरी तरफ कटे हुए पत्थरों के टुकड़ों के विशाल खंड पड़े हुए हैं जिनका उपयोग कभी एक घेरे नुमा दीवार के निर्माण में हुआ था। इस द्वार से आगे कबीर चौरा नामक चबूतरा है जो कबीर जी के प्रथम शिष्य धनी धर्मदास की समाधि है। वे पामगढ़ पहाड़ी के अंतिम तपस्वी थे। यहीं पर एक विशाल प्रस्तर खंड है जिसमें अंदर जाने का एक छोटा सा रास्ता बना है इसे वशिष्ठ गुफा के नाम से जाना जाता है।

जनजाति विशेष

दिनेश वर्मा

## भुंजिया जनजाति की सामाजिक व्यवस्था

छत्तीसगढ़ में विभिन्न जनजातियां निवासरत हैं। इनमें भुंजिया जनजाति भी एक हैं। यह जनजाति बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र में निवास करती हैं। इन्हीं सामाजिक व्यवस्था तीन खंडों खल्लारिया भुंजिया, चौखटिया भुंजिया और चिंड़ा भुंजिया में विभाजित हैं। चौखुटिया भुंजिया गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ़ और छुरा परिक्षेत्र में निवासरत हैं। खल्लारिया भुंजिया महासमुंद के खल्लारी क्षेत्र में निवास करते हैं। खल्लारिया भुंजिया की सारी सांस्कृतिक जीवन शैली व रुढ़गित वर्जनाएं चौखुटिया भुंजिया की तरह होती हैं। खुले परिक्षेत्र व खल्लारी क्षेत्र में निवास करने के विशेषण के आधार पर इसका नाम खल्लारी भुंजिया पड़ा। खल्लारी भुंजिया का पृथक जीवन शैली,पृथक कार्य क्षेत्र के बावजूद इनका चौखटिया भुंजिया के परिवार के बीच मांगलिक कार्य होता है, वे एक -दूसरे से रोटी-बेटी का संबंध रखते है, लेकिन यह मांगलिक कार्यो का निष्पादन चिंडा भुंजिया के साथ नहीं करते। यह व्यवस्थाएं सामाजिक संतुलन से संपादित किए जाते हैं।



सुरता

डा. कांति कुमार जैन

## अल्पायु के बड़े लेखकों की कतार में चौबे

छत्तीसगढ़ी की साहित्यिकि प्रतिभाओं में सतीश चौबे का भी नाम शुमार हो गया है। आपने 1934 में जन्में और 1956 में संसार छोड़कर चले गए। अल्प अवधि 22 वर्ष की उम्र में ही इन्होंने अपनी कविता के माध्यम से प्यार का स्वाद चखा, प्यार की असफलता का दर्द भोगा और वह गालिब और शकील की गजलों में अपने स्वर के साथ अपना दिल भी उड़ेलता रहा। आपकी कविताओं में मुक्तिबोध की बौद्धिकता, प्रखर विश्लेषण, क्षमता और साम्यवादी विचारधारा का गहरा असर था। पढ़ाई न कर सकने की स्थिति में आजीविका के लिए आपने रायपुर के दैनिक महाकौशल अखबार में कार्य करना शुरू किए और पत्रकारिता को अपनाया। अपनी 'रोशन हाथों की दस्तकें' शीर्षक कविता में सतीश चौबे ऐसे अनोखे परस्पर विरोधी और अभिनव बिम्ब का प्रयोग करते थे, जो किसी पत्रकार के लिए ही संभव था। आपके द्वारा लिखित 33 कविताएं उन्हें छोटी उम्र का बहुत बड़ा कवि सिद्ध करने के लिए पर्याप्त हैं। देखे उनकी कविता की यह पंक्तियां-



प्राची की सांझ और पश्चिम की रात, इनकी वयःसंधि का जश्न है आज,
मजारों पर चिराग लगाने वाले हाथ, नदियों पर दीए बहाने वाले हाथ,
अंधेरी गलियों में लालटेनें ले जाने वाले हाथ,
सभी रोशनी देने वाले हाथ मिलें और, कसकर बांध ले एक दूसरे को आज, ताकि यहीं से मारना शुरू करें दस्तकें, विश्व के अंधेरे कपाटों पर,
मिले जुले कसकर बंधे रोशन हाथ।

पुरातात्विक

गणेश खरे

# अनेक साक्ष्यों से भरा सिरपुर

बालार्जुन के शासन काल में सन 639 में चीनी यात्री ह्वेनसांग भी श्रीपुर में आकर तीन माह तक रूके थे। उन्होंने अपने यात्रा विवरण में लिखा है कि यहां सम्राट अशोक ने एक स्तूप निर्मित किया था, जो अब उत्खनन में लगभग अपने मूल रूप में प्राप्त हो गया है। उस समय यहां 100 संघाराम थे, जिनमें दस भिक्षु निवास करते थे। इस तरह दक्षिण कोसल और उसकी राजधानी श्रीपुर त्रेतायुग से ही भौतिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अतिशय समृद्ध रही है।

छत्तीसगढ़ के इतिहास को देखने पर स्पष्ट हो जाता है कि यहां अनेक धर्मो का व्यापक प्रभाव आदिकाल से रहा है। अंचल के स्थानों पर अनेक प्रमाण इसके मिले हैं। इसी कड़ी में देखें तो महात्मा बुद्ध तीन माह तक श्रीपुर (वर्तमान सिरपुर) में रहकर यहां की जनता को बौद्ध धर्म का उपदेश दिए थे। इस अंचल को महान दार्शनिक बोधिसत्व रसायनविद नागार्जुन की जन्म भूमि होने का गौरव भी प्राप्त है। बालार्जुन के शासन काल में सन 639 में चीनी यात्री ह्वेनसांग भी श्रीपुर में आकर तीन माह तक रूके थे। उन्होंने अपने यात्रा विवरण में लिखा है कि यहां सम्राट अशोक ने एक स्तूप निर्मित किया था, जो अब उत्खनन में लगभग अपने मूल रूप में प्राप्त हो गया है। उस समय यहां 100 संघाराम थे, जिनमें दस भिक्षु निवास करते थे। इस तरह दक्षिण कोसल और उसकी राजधानी श्रीपुर त्रेतायुग से ही भौतिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अतिशय समृद्ध रही है। उत्खनन से प्राप्त भग्नावशेषों तथा प्रचुर मात्रा में दुर्लभ सामग्रियों के आधार पर अब सिरपुर पुरातात्विक स्थलों की सूची में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित कर चुका है तथा यहां प्राप्त धातु की प्रतिमाओं तथा विविध प्रकार के भवनों के अवशेषों को विश्व धरोहर के रूप में मान्यता भी प्राप्त हो चुकी है। उत्खनन की सूची में बौद्ध विहार, बौद्ध स्तूप, जैन मंदिर, आवासीय भवन, शिव मंदिर, स्नान कुंड, औषधालय, अन्नागार और भव्य राजमहल के अवशेष जैसे और भी अनेक महत्वपूर्ण वस्तुएं प्राप्त हुए हैं।



## विकसित भारत यात्रा का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ, लोगों को किया जागरूक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास खण्ड बिरनो के ग्राम गोपालपुर में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित एवं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने गोपालपुर ग्रामवासियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य 2047 तक देश को विकसित देशो की श्रेणी मे लाना है। जिससे भारत में उन सभी लोगो को सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होने कहा कि भारत में विकास के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा मे सारी योजनाओ को गॉव-गॉव मे पहुचाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। जिलाधिकारी ने लोगो को जागरूक करते हुए कहॉ जो भी व्यक्ति पात्र हो वह अपना पंजीकरण अवश्य करा ले। जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामवासियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। विकसित भारत संकल्प यात्रा आधारित विशेष वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री जी के व्यक्तव्यो को सुना व देखा गया। कार्यक्रम के दौरान सरकार की योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों ने मा0 प्रधानमंत्री एवं मुख्य मंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सभी पात्रो का पंजीकरण कराने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने महिलाओ की गोदभराई एवं अन्न प्रासन भी कराया । कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओ का स्टाल लगाया गया था जिसका अवलोकन जिलाधिकारी ने किया। कार्यक्रम मे शौचालय, आयुष्मान एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित पात्रो को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगो को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलायी। इस दौरान परियोजना निदेशक राजेश यादव, जिला विकास अधिकारी , खण्ड विकास अधिकारी बिरनो सीमा कुमारी, ग्राम प्रधान शिव कुमार, एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण, कर्मचारी, पात्र लाभार्थी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खाद्य विभाग की छापेमारी लगातार जारी, जमानिया क्षेत्र में लिए 41 नमूने



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देशन में मंगलवार को सहायक आयुक्त वाराणसी मण्डल, वाराणसी द्वारा प्रदत्त एफ0एस0डब्ल्यू वैन के माध्यम से जमानिया तहसील क्षेत्र जनपद गाजीपुर में विभिन्न खाद्य पदार्थो के कुल 41 नमूनें जॉच किये गये। तहसील जमानियां स्थित सुहवल में मानदास बाबा का मन्दिर के मेला में एफ0एस0डब्ल्यू वैन के माध्यम से मिल्क स्वीट्स के 10 नमूने, अन्य स्वीट्स के 06 नमूने, खोया का 01 नमूना एवं नमकीन का 01 नमूना कुल 18 नमूनें जॉच किये गये जिनमें से मिल्क स्वीट के 02 नमूनें में (स्टार्च) बाह्य पदार्थ युक्त पाया गया। तहसील जमानियां स्थित ढ़ढनी बाजार में एफ0एस0डब्ल्यू वैन के माध्यम से मिल्क स्वीट्स के 04 नमूने, अन्य स्वीट्स का 01 नमूना, मसाला के 10 नमूनें, दाल के 04 नमूनें, दूध का 01 नमूना, गुड का 01 नमूना, बेसन का 01 नमूना एवं भुना चना का 01 नमूना कुल 23 नमूनें जॉच किये गये जिनमें से मिल्क स्वीट के 02 नमूनें में (स्टार्च) बाह्य पदार्थ युक्त पाया गया, काली मिर्च एवं खड़ा धनिया का 01-01 नमूना अधोमानक पाया गया तथा मसूर दाल में रंग की उपस्थिति पायी गयी। मौके पर ही खाद्य कारोबारकताओं को जॉच रिपोर्ट से अवगत कराया गया एवं उन्हे भविष्य में खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता में सुधार हेतु निर्देशित किया गया तथा मौके पर उपस्थित आम जनमानस को खाद्य पदार्थो में मिलावट के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। एफ0एस0डब्ल्यू वैन का संचालन, आर0पी0 सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी गाजीपुर के निर्देशन में विरेन्द्र यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारी गाजीपुर एवं मो0 हनीफ लैब टेक्नीशियन द्वारा किया गया।

## उच्च स्तरीय शोध के लिए अकादमिक-औद्योगिक सहयोग जरूरीः डॉ आशुतोष तिवारी

प्रखर जौनपुर। इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस मटेरियल, स्वीडन के निदेशक डा. आशुतोष तिवारी ने बुधवार को कुलपति प्रो वंदना सिंह के साथ विश्वविद्यालय परिसर स्थित रज्जू भइया संस्थान का अवलोकन कर सुविधाओं को देखा। उन्होंने संस्थान में स्थित स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप एवं एक्स आर डी मशीनों के बारे में जानकारी ली एवं उनके माध्यम से हो रहे शोध कार्यों के बारे में संस्थान के निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार यादव से विस्तार से चर्चा कर आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि संस्थान में शोध हेतु सुविधाओं की कमी नहीं है उनके उपयोग एवं प्रचार प्रसार को बढ़ावा देने जिससे ज्यादा से ज्यादा लाभ विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में भी शोध को बढ़ावा देने पर विशेष बल देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में एकेडमिक -इंडस्ट्री में परस्पर सहयोगात्मक भावना से कार्य करने की



आवश्यकता है जिसका लाभ जन सामान्य व भारत के उन्नयन में सहायक होगा। उन्होंने जनसंचार विभाग के ऑडियो विजुअल स्टूडियो को भी देखा. इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि देश विदेश के अग्रणी संस्थानों से परस्पर सहयोग बढ़ाने की दिशा में संस्थान को कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छे इंपैक्ट फैक्टर में शोध पत्र प्रकाशित करने के साथ ही शिक्षकों को पेटेंट पर ही ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर रज्जू भैया संस्थान के शिक्षकों ने नैक द्वारा विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह को बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. बी. बी. तिवारी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. वंदना राय, प्रो देवराज सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ मिथिलेश यादव, डॉ नीरज अवस्थी, डॉ सुजीत चौरसिया, डॉ नितेश जायसवाल, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. अजीत सिंह, डॉ शशिकांत यादव, डॉ श्रवण कुमार, डॉ काजल डे, आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान का केराकत में उड़ रहा मखौल, जिम्मेदार मौन

### पान पिचें से रंगी सीढ़ीया व तहसील दिवस सभागार का ऊपरी तल, दिवालों पर लिखे स्वच्छता अभियान के स्लोगन पर दिखी पान की पिचें

प्रखर केराकत, जौनपुर। देश के प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान का नारा देकर स्वच्छता अभियान पर निरंतर मन की बात के तहत लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हैं तथा साफ सफाई पर जोर देते हैं इसके लिए सरकारी मुलाजिम भी समय-समय पर प्रधानमंत्री के अभियान की सार्थकता पर बातें तो खूब लंबी चौड़े करते हैं मगर जमीनी हकीकत कुछ और है। उदाहरण के तौर पर केराकत तहसील दिवस सभागार का ऊपरी तल व ऊपर जाने वाली सीढ़ियो पर फैली गंदगी को देखा जा सकता हैं। जहां साफ सफाई अभियान की धज्जियां उड़ती हुई नजर आती हैं दीवारों व सीढ़ियो पर आने-जाने वाले रास्तों पर पान और गुटखा की पींके अभियान की सच्चाई को दर्शार्ती हैं। यहां तक कि दिवालों पर लिखे स्वच्छता अभियान के स्लोगन पर भी पान की पिचें दिखाई दे रही



है। इसके बाद भी जिम्मेदार गंदगी को नजरंदाज करते हुए चुप्पी साध रखी है। जिससे उक्त समस्या और गंदगी जस का तस यथावत आज भी बनी हुई है। केराकत तहसील दिवस सभागार की ऊपरी तल व सीढ़ियो पर व्याप्त गंदगी को इंगित करते हुए अखबारों में प्रमुखता से इस खबर को प्रकाशित करने के साथ ही साथ ट्वीट कर अधिकारियों और संबंधित लोगों का ध्यान आकर्षित भी कराया था बावजूद इसके व्यवस्था में सुधार अभी नजर नहीं आ रहा है जबकि देखा जाए तो नगर पंचायत की सफाई कर्मियों के साथ ही साथ ग्राम पंचायत में सफाई कर्मियों की भारी भरकम फौज है बावजूद इसके भी साफ सफाई व्यवस्था को मुंह चिढ़ाते हुए अपनी बदहाली की दास्तान कहते हुए नजर आ रहा हैं। ऐसे में बरबस लोगों के जुबान से शब्द फूट पड़ते हैं कि क्या यही प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत अभियान की तस्वीर है।

## आखिल भारतीय हड़ताल के समर्थन में रहे जिले के मेडिकल एण्ड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बुधवार को उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेंटेटिव एसोसिएशन के मातृ संगठन, फेडरेशन ऑफ मेडिकल रिप्रेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में केन्द्र सरकार से पांच सूत्रीय और दवा कंपनियों से तीन सुत्रीय मांगों के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तावित आखिल भारतीय हड़ताल के समर्थन में गाजीपुर ईकाई के सैकड़ो सदस्य एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। गाजीपुर इकाई कार्यालय पर आयोजित आम सभा में सैकड़ो साथियों ने प्रतिभाग किया और हड़ताल को अपना नैतिक समर्थन दिया। सभा का उद्घाटन ईकाई अध्यक्ष कामरेड चंदन कुमार राय ने किया और संचालन जिला मंत्री कामरेड मयंक श्रीवास्तव ने किया। सभा में स्टेट सेक्रेटरी आर. एम. राय ने हड़ताल की 8 आठ सूत्रीय मांगो पर प्रकाश डालते हुए बताया की, सेल्स रिप्रेंटेटीव के लिए बने कानून एसपीई एक्ट (1976) को खत्म करने की केंद्र सरकार की नियत पर सवाल उठाया, इसके अलावा डाटा प्राइवेसी, दवाओं के दाम पर लगाम लगाने तथा जीएसटी की दरों को हटाने, विभिन्न सरकारी स्वास्थ केन्द्रो पर दवा प्रतिनिधियों के प्रवेश को निर्बाध करना, और आदर्श कार्य प्रणाली की पद्धति सुनिश्चित करने जैसे प्रमुख मुद्दो पर अपनी राय रखी। राज्य कार्यकारिणी सदस्य मो. अफजल ने दवा कंपनियों से लंबित तीन सूत्रीय मुख्य मांगों जैसे दवा प्रतिनिधियों के खिलाफ तमाम तरह से हो रहे शोषण और अनैतिक कार्य का दबाव, सेल्स टारगेट हर हाल में पुरा करना विभिन्न तरह के फामेटों को भरने का अतिरिक्त कार्य, इलेक्ट्रानिक गैजेट्स के द्वारा निगरानी और जीपीएस द्वारा ट्रेकिंग, और सभी तरह के कार्यस्थलों पर प्रवेश सुनिश्चित करने जैसे पर मांगों पर अपनी बात साथियों के बीच रखी। इसके अलावा दवा प्रतिनिधियों की पुरानी लंबित मांगों जैसे 44 श्रम कानुनो को चार लेबर कोड्स में बदलने के फैसले को वापस लेना, जीडीपी का 5% बजट जन स्वास्थ्य हेतु आवंटित करना जैसे मांगो को भी दोहराया। सभा में संजय यादव (वेटेनरी), अहमद, राघवेन्द्र राय, अरुण राय, अभिषेक तिवारी, प्रवीण तिवारी, आशिष राय, अनिल शुक्ला, देव यादव, प्रेमचंद्र, हरिशंकर गुप्ता, प्रवेश कुमार,



अमित शुक्ला, प्रिंस गिरी, नागेन्द्र त्रिपाठी, रविकांत शर्मा, अनिल यादव, अमन त्रिपाठी, पवन यादव, अंकित राय अमित शर्मा, अविनाश सिंह, गिरिजाशंकर, राजेश तिवारी, सौरभ गुप्ता, अमृत राय, मनोरंजन सिंह, अविनाश शर्मा, आरपीएस यादव, संजय विश्वकर्मा, सुनिल राय, राकेश त्रिपाठी, शिवम गुप्ता, मोहित गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, हेमन्त विशाल, कृष्णा शर्मा, निखिल श्रीवास्तव, रईम आलम, राजू चौरसिया विकास वर्मा, समेत सैकड़ो साथियों ने हड़ताल को समर्थन दिया सभा में वेटेनरी के भी साथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## कृषि के क्षेत्र में रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं : डॉ. राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्नातकोत्तर, महाविद्यालय गाजीपुर में चल रहे बीएससी कृषि सातवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का सात दिवसीय ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बोलते हुए पीजी कॉलेज गाजीपुर के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि आज के वैश्विक परिवेश में कृषि के क्षेत्र में रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हैं। विश्व की बढ़ती जनसंख्या को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए कृषि उपज का उत्पादन वैश्विक मांग के अनुरूप बढ़ाने के लिए कृषि के क्षेत्र में वैज्ञानिक तकनीकी का प्रयोग करना होगा। यह ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम कृषि स्नातक पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष की एक प्रमुख गतिविधि है, जिसमें कृषि स्नातकों को पेशेवर कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से कृषि स्नातकों में उद्यमशीलता स्थापित हो सके और कृषि क्षेत्र में अपना रोजगार तलाश कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे सकें। ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर प्रोफे० डॉ०जी० सिंह ने कार्यक्रम के



उद्देश्यों एवं इसकी रूपरेखा पर बोलते हुए कहा कि छात्रों को कृषि एवं ग्रामीण विकास में वर्तमान और उभरते अवसरों व चुनौतियों से छात्रों को अवगत कराए जाने हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने कृषि स्नातक पाठ्यक्रम में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव शामिल किया है, जिसके अंतर्गत छात्रों को 20 सप्ताह तक प्रशिक्षण लेना होगा, जिसमें एक सप्ताह अपने कॉलेज कैम्पस में प्रशिक्षण लेना होगा, 5 सप्ताह तक कृषि विज्ञान केंद्र में, 3 सप्ताह तक प्लांट हेल्थ क्लिनिक में, 8 सप्ताह तक गाँव में किसानों के साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण, 3 सप्ताह तक एग्रोइंडस्ट्री में प्रशिक्षण और एक सप्ताह तक प्रोजेक्ट तैयार करने व प्रस्तुत करने का प्रशिक्षण लेना होगा। कार्यक्रम में कृषि संकाय के प्रोफे० डॉ०अरुण कुमार यादव, प्रोफे० डॉ० सत्येंद्र नाथ सिंह, डॉ० योगेश कुमार, डॉ०शिव शंकर यादव, डॉ०कृष्ण कुमार पटेल, डॉ०अशोक कुमार, डॉ० सुधीर कुमार सिंह, डॉ० पीयूष कांत सिंह, डॉ० मनोज कुमार मिश्र, डॉ० हेमंत सिंह, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कोऑर्डिनेटर प्रोफे० डॉ० जी० सिंह ने किया।

## कड़ाके की ठंड में कोणार्क कंपनी ने 900 असहायों को वितरित किया कंबल

### असहायों एवं पीड़ितों की सहायता ईश्वरीय कार्य के स्वरूप : जीएम विष्णु कुमार पाण्डेय






प्रखर थानागद्दी जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र के बरामनपुर स्थित कोणार्क सीमेंट सीट बनाने वाली यूएएल फैक्ट्री परिसर में इस कड़ाके की ठंड में कंपनी ने जरूरतमंदों को 900 कम्बल वितरित कर पुनीत कार्य किया। कंपनी के जीएम ने कहा कि असहायों एवं पीड़ितों की सहायता ईश्वरीय कार्य के स्वरूप है। जरूरतमंद की जरूरत को पूरी करना ही ईश्वरी कार्य है। गरीब असहायो की सेवा ही ईश्वर की सच्ची पूजा है। अतः यह पुनीत कार्य करके हम सभी को पुण्य का भागी बनना चाहिए। कार्यक्रम की शुरूआत में कंपनी के महाप्रबंधक विष्णु कुमार पाण्डेय ने अतिथि मुरली पाल प्रांत कार्यवाह काशी प्रांत (आरएसएस) एवं समाजसेवी व पूर्व अध्यापक सूर्यनाथ सिंह का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। आरएसएस के प्रांत कार्यवाह मुरली पाल ने बोलते हुए कहा कि कोणार्क कंपनी 2005 से इस क्षेत्र में स्थापित होकर व्यापार कर रही है। उसके बाद से ही लगातार आसपास के दर्जनों गांव में प्रतिवर्ष कंबल वितरण के साथ अतिरिक्त कई पुनीत कार्य लगातार करती आ रही है। जिससे गरीबों व असहायो की सेवा होती है। आगे उन्होंन कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए कोणार्क कंपनी व जीएम को मैं साधुवाद देता हूं। इसके बाद समाजसेवी व पूर्व अध्यापक सूर्यनाथ सिंह ने बोलते हुए कहा कि कंपनी का यह पुनीत कार्य वर्षों तक याद किया जाएगा। यह पुनीत कार्य कंपनी के जनरल मैनेजर विष्णु कुमार पाण्डेय की इच्छा शक्ति के बदौलत निरंतर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम का संचालन मुरारी पाण्डेय द्वारा किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से डी एन उपाध्याय, ए वी सिंह, गुल्ली पाण्डेय, धनंजय मिश्र, अंजनी मिश्र, वेदप्रकाश सिंह, संतोष झा, पंकज सिंह, उपेंद्र कुमार, रवि चौरसिया, कमलेश सिंह, राधेमोहन सिंह, प्रवीण सिंह अनिल सिंह, अभय सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## ब्लाक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत सदस्य संग की बैठक विकास की कार्य योजनाओं पर किया मंथन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्थानीय ब्लाक बिरनो के सभागार में ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें ब्लॉक प्रमुख के साथ ही ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने प्रतिभा किया। क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में कई बिंदुओं पर विचार करने के बाद विगत दिनों की गई बैठक की गई कार्रवाई पर विचार विमर्श के साथी स्वास्थ्य विभाग , बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की




योजनाओं पर ,सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना, पशु टीकाकरण , कृषि संबंधित सहकारिता ,संबंधित पेयजल, संबंधित विद्युत संबंधित, गन्ना विकास से संबंधित, सिंचाई ,बाढ़ संबंधित ,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना ,मनरेगा योजना, के तहत वित्तीय वर्ष 22 -23 हेतु प्रस्तावित श्रम बजट एवं कार्य योजना पंचम राज्य वित्त 2022- 2023 की कर योजना पंद्रहवें केंद्रीय वित्त 2022 -2023 की कार्य योजनाओं पर बैठक में विचार विमर्श किया गया ताकि क्षेत्र के विकास का पहिया सुचारू रूप से चल सके इस मौके पर राजेंद्र यादव उर्फ पप्पू, अभिमन्यु सिंह, डा गुरुदेव मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश दुबे, विनोद गुप्ता ग्राम प्रधान, गुड्डू गुप्ता, धनंजय प्रजापति, गोपाल श्रीवास्तव, गंगाराम ,इंदल राव, रामनिवास यादव, दिपक गौड़ आदि सभी लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक से खलासी की मौत

प्रखर जौनपुर। मंगलवार की रात में ट्रक के खलासी लक्ष्मी बिन्द 35 की मौत हो गई। ज्ञातव्य है कि पूविवि से कुकडीपुर करंजाकला रोड पर स्थित कुकडीपुर गांव के पास मिजार्पुर पंडरी निवासी अपनी ट्रक खड़ी करके बाजार पैदल कुछ सामान लेने जा रहा था तभी खमौरा गांव निवासी प्रमोद कुमार बाइक तेज रफ्तार से आ रहा था और पीछे से जोरदार धक्का मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पूविवि चौकी प्रभारी संतोष यादव पहुंचकर घायल खलासी को जिला अस्पताल दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाइक चालक भी घायल हो गया जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया।

### पुरोहित परिवार ट्रस्ट ने बांटे स्कूली बच्चों को गर्म वस्त्र

प्रखर जौनपुर। सर्दियां आ गई है,और अपने साथ बहुत सारी महत्वपूर्ण आवश्यकताएं भी साथ ले कर आई है। उन्हीं आवश्यकत्ताओं को ध्यान में रखते हुए जौनपुर के शीतला महारानी पुरोहित परिवार ट्रस्ट के प्रमुख विद्याधर त्रिपाठी एव उनकी पत्नी मनोज त्रिपाठी द्वारा स्कूली बच्चों में गर्म कपड़े जैसे स्वेटर,टोपियां,इत्यादि वितरीत किया गया। यह उपहार स्वरूप समस्त सामग्री ईमलो के स्कूल श्री शंकर आदर्श ग्रामोद्यालय पांडेय पट्टी तथा जिउली के एक ग्रामीण स्कूल उदासीन जूनियर हाईस्कूल में वितरित किया गया, इस कार्यक्रम में बच्चे उपहार पाकर चहक गए, उपहार



पाने के बाद बच्चों के खुशनुमा चेहरे देखने लायक थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वरूप अधिवक्ता राजन तिवारी, दिनेश चंद्र त्रिपाठी, डा. कृतिका त्रिपाठी, राजीव पांडे, एवं गायक अवधेश पाठक ने अपना योगदान प्रदान किया। वही शीतला प्रसाद मिश्रा, इमलो स्कूल के प्रबंधक, देवानंद, संचालक जिऊली स्कूल पूर्णतः समर्पित रहे। समस्त त्रिपाठी परिवार ने कार्यस्थल पर बांटने में तथा अन्य व्यवस्था में सहयोग दिया। त्रिपाठी परिवार ने कार्यक्रम बड़े ही विशाल तर्ज पर संपन्न होने के लिए माता शीतला का सहृदय से धन्यवाद किया।

### गिरोहबंद एवं समाजविरोधी अधिनियम के तहत एक अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी जमानियाँ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जमानियाँ के कुशल निर्देशन में बुधवार को उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह मय हमराही कर्मचारी के मुखबिर खास की सूचना पर पाण्डेय मोड़ से समय करीब 10.30 बजे अभियुक्त सुनील बिन्द पुत्र शिवराम निवासी बड़सरा थाना करण्डा गाजीपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह थाना जमानिया, कांस्टेबल अशोक कुमार थाना जमानियाँ गाजीपुर शामिल रहे।

### पूर्व सांसद के पुत्र अनिकेत सिंह ने खोला मोर्चा, पंकज सिंह चंचल के दावा को किया खारिज

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सैदपुर प्रथम जिला पंचायत सीट का मामला दो परिवारों के मान सम्मान से जुड़ गया है। वर्तमान भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने लगभग ढाई साल पहले इस सीट से जीत हासिल की थी, जबकि उनकी प्रतिद्वंदी और मुंहबोली चाची और सपा प्रत्याशी रही अंजना सिंह जो गाजीपुर के पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह की पत्नी हैं, वो कुछ मतों से चुनाव हार गई थी। इस प्रतिष्ठापरक चुनाव में चूक जाने के बाद अंजना सिंह ने चुनाव में धांधली के आरोप लगाते हुए कोर्ट की शरण ली और ढाई साल चल इस मुकदमें में सपना सिंह को कोर्ट से जीत मिली थी, और फिर सपना सिंह के पति और प्रतिनिधि पंकज सिंह चंचल ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर इसे न्याय की जीत बताया और कहा कि विपक्षी जो उनकी चाची भी हैं उन्होंने गलत डॉक्यूमेंट्स लगाकर केस किया था जिसमें कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया है। वहीं आज बुधवार 20 दिसंबर को अंजना सिंह और राधेमोहन सिंह के पुत्र अनिकेत सिंह अपने वकील



स्वयम प्रकाश राय के साथ मुकदमें में दाखिल कागजातों के साथ मीडिया के सामने आए और प्रेस कांफ्रेंस कर पंकज सिंह, चंचल के उन दावों को खारिज किया कि उनकी तरफ से फर्जी कागजात लगाए गए हैं। वकील स्वयम प्रकाश राय ने बताया कि पूरे केस में उनके द्वारा निर्वाचन की सही और विधिसम्मत कागजात दाखिल किए गए थे, और सपना सिंह द्वारा कोई कागजात नहीं दाखिल किया गया था, बावजूद उसके हमारा पक्ष सही होते हुए दुर्भाग्यपूर्ण है कि फैसला हमारे पक्ष में नहीं आ पाया, इसके खिलाफ हम हाई कोर्ट में अपील करेंगे और हमें पूरी उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा। वही सपा प्रत्याशी रही अंजना सिंह और पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह के बेटे अनिकेत सिंह ने मीडिया से कहा कि पंकज सिंह द्वारा जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वो गलत हैं, चुनाव में धांधली हुई थी, और डिस्ट्रिक कोर्ट का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके खिलाफ हम हाई कोर्ट जा रहे हैं और हमें पूरी उम्मीद है कि हमें वहां से न्याय जरूर मिलेगा।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं